E-mail: tarunpressraipur@gmail.com, tarun_press@yahoo.co.in, Web: www.tarunchhattisgarh.in, facebook.TarunChhattisgarh, Twitter - Tchhattisgarh36, Instagram -tarunchhattisgarh.raipur phone: 0771-2543112



# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार



■ रायपुर,गुरुवार 9 मई 2024 ■ बैसाख कृष्ण पक्ष-15 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-041 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 10 मई 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

## संक्षेप

### अक्षय तृतीया व परशुराम जयंती 10 को

**रायपुर,9 मई.** अक्षय तृतीया (अक्ती) का पर्व 10 मई को पूरे राज्य में मनाया जाएगा। इस दिन घरों में गुड्डा-गुड़िया (पुतरा-पुतरी) का विवाह किया जाता है। कल ही भगवान परशुराम की जयंती मनाई जाएगी।

### छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट का ग्रीष्म अवकाश 13 मई से

**बिलासपुर,9 मई.** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में 13 मई से 7 जून तक ग्रीष्म अवकाश घोषित किया गया है. इसके बाद 8 जून को शनिवार और 9 जून को रविवार होने के कारण 10 जून से नियमित कार्य प्रारंभ होगा. अवकाश के दौरान हाईकोर्ट रजिस्ट्री में नियमित कार्य होगा. इस दौरान अधिवक्ता प्रकरण प्रस्तुत कर सकते हैं. अतिआवश्यक मामलों की सुनवाई के लिए विशेष बैंच लगाई जाएगी. यही नहीं अवकाश के दौरान सोमवार व शुक्रवार को अवकाशकालीन बेंच रहेगी. इस लिहाज से 13, 17, 20, 27 व 31 मई और 3 व 7 जून को अवकाशकालीन बेंच लगेगी.

### रेलवे ट्रेक पर सिर कटी युवक की मिली लाश

**बिलासपुर,9 मई.** जिले के बिल्हा थाना क्षेत्र के ग्राम केशला निवासी रोशन गोस्वामी पिता शीशपाल गोस्वामी उम्र 32 वर्ष की लाश आज सुबह 5.30 बजे के लगभग ग्राम मोहभट्ठा के पास रेलवे ट्रेक पर मिली है, जिसका सिर धड़ से अलग हो गया था। घटना की सूचना पर मौके में पहुँची पुलिस ने आसपास के लोगों के माध्यम पहचान करा परिजनों को सूचना दी, जिन्होंने मौके पर पहुँच मृतक की शिनाख्त की,परिजनों के अनुसार मृतक युवक शादीशुदा था वह राइस मिल में मजदूरी करता था, जिसकी मौत दुर्घटना में हुई है या उसने आत्महत्या की है, यह स्पष्ट नही है, फ़िलहाल पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है।

### मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर



**गरियाबंद 9 मई.** छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में मुठभेड़ में एक पुरुष नक्सली ढेर हुआ है. बताया जा रहा है कि गरियाबंद जिले के लगे ओडिसा सीमा पर पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई. गोली लगने से एक नक्सली की मौत हो गई. शोभा थाना क्षेत्र के गरिबा के जंगल से लगे सीमा पर नवरंगपुर पुलिस और ओडिसा एसओजी ने बड़ी कार्रवाई की है. नक्सली होने की सूचना पर बीती रात टीम ऑपरेशन पर निकली थी. कई राउंड गोलियां चलने के बाद सीजी सीमा की ओर नक्सली भागे. इस दौरान टीम ने फायरिंग की. गोली लगने पर एक नक्सली ढेर हो गया. पुलिस की टीम ने दैनिक उपयोगी और विस्फोट के कई सामान भी बरामद किया है. अभी भी मौके पर जवान मौजूद हैं.

### भारत के चुनाव में दखल देकर अमेरिका पलटना चाहता है नतीजे

**मास्को, 9 मई.** रूस ने दावा किया है कि संयुक्त राज्य अमेरिका भारत के संसदीय चुनावों में हस्तक्षेप करने और देश में आंतरिक राजनीतिक स्थिति को असंतुलित करने की कोशिश कर रहा है। एक मीडिया ब्रीफिंग में रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया ज़खारोवा ने यह भी कहा कि अमेरिका को खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नून के खिलाफ नाकाम हत्या की साजिश में भारतीय नागरिकों की संलिप्तता का विश्वसनीय सबूत देना बाकी है। भारत में धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिका की रिपोर्ट का जिक्र करते हुए जखारोवा ने कहा कि अमेरिका में भारत की राष्ट्रीय मानसिकता और इतिहास की समझ का अभाव है।



# 10वीं-12वीं की परीक्षा में 'गुड़ियाओं' ने मारी बाजी

■ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने जारी किए नतीजे

■ 10वीं में जशपुर की सिमरन 99.50 प्रतिशत अंक और 12वीं बोर्ड में महक अग्रवाल 97.40 फीसदी अंकों के साथ टॉपर

**रायपुर,9 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने आज ठीक दोपहर 1230 बजें 10वीं और 12वीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिये। छत्तीसगढ़ में एक बार फिर बेटियों ने अपना परचम लहराया है। 10वीं बोर्ड की परीक्षा में जशपुर की सिरमन ने 99.50 प्रतिशत अंको के साथ प्रदेश में अपना पहला स्थान बनाया है। वहीं महासमुंद की महक अग्रवाल ने 12वीं बोर्ड में 97.40 प्रतिशत अंको के साथ पूरे स्टेट में टॉप किया है। इसी तरह 10वीं बोर्ड में जहां दूसरे नंबर पर गरियाबंद की होनिशा को 98.83 प्रतिशत और जशपुर के श्रेयांश कुमार ने 98.33 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान 10वीं बोर्ड में बनाया है। इसी तरह 12वीं बोर्ड की परीक्षा में टॉप थ्री में आने वाले छात्रों में बलोदाबाजार की कोपल अंबस्ट ने 97 प्रतिशत अंको के साथ दूसरा स्थान बनाया है। इसी तरह बलौदाबाजार की प्रीति और जशपुर की आयुषी गुप्ता ने 96.80 प्रतिशत के साथ प्रदेश में अपना तीसरा स्थान बनाया है।10वीं बोर्ड का परिणाम इस बार 75.61 प्रतिशत रहा है,वहीं हायर सेकेंडरी का परीक्षा परिणाम इस बार 80.74 रहा है।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक मंडल ने आज बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिये है। एक बार फिर बोर्ड की परीक्षा में जहां बेटियों ने बाजी मारी है। वही प्रदेश में प्राविण्य सूची में आने वाले छात्रों में जशपुर जिले का डंका बजा है। 10वीं और बारहवीं के टॉप टेन स्टूडेंट्स में जशपुर जिला के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया है। 10वीं बोर्ड की परीक्षा में जशपुर की सिरमन ने 99.50 प्रतिशत अंको के साथ प्रदेश में अपना पहला स्थान बनाया है। वहीं महासमुंद की महक अग्रवाल ने 12वीं बोर्ड में 97.40 प्रतिशत अंको के साथ पूरे स्टेट में टॉप किया है। आपको बता दे कि प्रदेश में टॉप थ्री छात्रों में 10वीं बोर्ड में जहां दूसरे नंबर पर गरियाबंद की होनिशा को 98.83 प्रतिशत और जशपुर के श्रेयांश कुमार ने 98.33 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान 10वीं बोर्ड में बनाया है। इसी तरह 12वीं बोर्ड की परीक्षा में टॉप थ्री में आने वाले छात्रों में बलोदाबाजार की कोपल अंबस्ट ने 97 प्रतिशत अंको के साथ दूसरा स्थान बनाया है। इसी तरह बलौदाबाजार की प्रीति और जशपुर की आयुषी गुप्ता ने 96.80 प्रतिशत के साथ प्रदेश में अपना तीसरा स्थान बनाया है। इस बार के परीक्षा परिणाम पर गौर करे तो हाई स्कूल परीक्षा का परिणाम 75.61 फीसदी रहा। इसमें 79.35 छात्रा और 71.12 प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए। इसी तरह 12वीं बोर्ड का परिणाम 80.74 रहा। इसमें उत्तीर्ण होने वाली छात्राओं का प्रतिशत 83.72 रहा, वहीं 76.91 प्रतिशत छात्र परीक्षा में पास हुए है।आपको बता दे कि इस बार 10वीं में 3 लाख 42 हजार 511 छात्र और 12वीं में 2 लाख 54 हजार 906 छात्रों ने परीक्षा दी है। 10वीं की परीक्षा 2 मार्च से 21 मार्च तक और 12वीं की 1 मार्च से 23 मार्च तक हुई थी। इस साल की बोर्ड परीक्षा के लिए करीब 6 लाख 10 हजार छात्रों ने अपना पंजीयन कराया था। जिसमें से 2 लाख 62 हजार छात्र-छात्राएं 12वीं और 3 लाख 47 हजार 10वीं के छात्र हैं।

# पति-पत्नी व मासूम की हत्या

**कोरबा,9मई ■ तरुण छत्तीसगढ़**



उरगा थानांतर्गत ग्राम भाटापारा में मासूम सहित पति-पत्नी की मिली लाश से जिले में सनसनी फैली हुई है. मामले को प्रथम दृष्टया हत्या का मानकर जांच में जुटी पुलिस डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक एक्सपर्ट की मदद ले रही है. इस बीच शवों का पंचनामा कर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी कर रही है. मिली जानकारी के अनुसार, उरगा थानांतर्गत ग्राम पंचायत कुकरीचोली के भाटापारा गांव में जयराम रजक अपनी पत्नी सुजाता (25 वर्ष) और दो वर्षीय बेटी जैसिका के साथ संयुक्त परिवार में निवास करता था. जयराम पेशे से ठेकेदार था. बुधवार की सुबह वह पत्नी और बेटी को लेकर पूजा करने मड़वारानी गया था, जहां से दोपहर लगभग 1 बजे घर लौटा, उसके बाद तीनों घर में ही थे. रात लगभग 9 बजे परिवार के साथ उन्होंने भोजन भी किया.

आज सुबह करीब 6 बजे उनके कमरे का दरवाजा बंद होने पर बड़े भाई श्रीराम रजक ने जयराम को आवाज लगाई. लगातार आवाज लगाने और कॉल करने पर भी भीतर से जवाब नहीं आने पर टंगिया से दरवाजा तोड़कर अंदर गए. भीतर कमरे में पहुंचकर देखा कि जयराम, उसकी पत्नी और बेटी की रक्तरंजित लाश पड़ी हुई थी. दंपती के गले में फंदा लटका था, साथ में शरीर पर चोट के निशान दिखाई दे रहे थे. इसके बाद श्रीराम ने आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद गांव में हड़कंप मच गया.

मामले की सूचना मिलते ही उरगा थाना प्रभारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे. वहीं एएसपी सिद्धार्थ तिवारी और एएसपी यूबीएस चौहान भी मौके पर पहुंच गए. उन्होंने बारिकी से घटनास्थल का निरीक्षण किया. मामले को प्रथम दृष्टया हत्या के माना जा रहा है. मौके पर सीन ऑफ क्राइम की टीम के सदस्य भी पहुंचे हुए हैं. टीम घटना स्थल और शव का निरीक्षण कर रही है. इस पूरे मामले को लेन-देन के कारण हत्या से जोड़ कर देखा जा रहा है. हालांकि, वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो पाएगी.

## महादेव सट्टा मामला : सहेली और अलंकार ज्वेलर्स सहित ईओडब्ल्यू का कई स्थानों पर छापा

**रायपुर/दुर्ग,9 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़**

महादेव सट्टा मामले में ईओडब्ल्यू बड़ी कार्रवाई को अंजाम देने में जुटा है. आज सुबह से ही ईओडब्ल्यू की टीम प्रदेश भर में रायपुर, दुर्ग-भिलाई, बिलासपुर, राजनांदगांव, कांकेर सहित अन्य जगहों पर एक साथ छापेमारी कर रही है. ईओडब्ल्यू के अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में सुरक्षा बल भी कार्रवाई में शामिल हैं.

दुर्ग में सराफा व्यापारियों के निवास और दुकानों पर एसीबी-ईओडब्ल्यू की टीम ने रेड मारी है. सहेली ज्वेलर्स और अलंकार ज्वेलर्स के संचालक की दुकान और निवास पर सुबह-सुबह पहुंचकर दस्तावेजों की पड़ताल के साथ पूछताछ कर रही है. अलंकार ज्वेलर्स के संचालक प्रकाश सांखला के निवास पर पहले भी आईडी और ईडी की टीम छानबीन कर चुकी है. इसके साथ ही एसीबी-ईओडब्ल्यू की टीम भिलाई के सूर्या विहार स्थित महादेव सट्टा एप के मुख्य सरगना सौरभ चन्द्राकर के चाचा दिलीप चन्द्राकर के निवास पर भी पहुंची है. टीम बैंक एवं प्रापर्टी सबंधित दस्तावेज खंगाल रही है. महादेव सट्टा एप मामले में ईओडब्ल्यू की टीम कांकेर-चारामा के वार्ड नंबर 13 स्थित हवलदार विजय पांडे के घर सुबह पांच बजे पहुंची. लेकिन घर पर ताला लगा होने के कारण बाहर ही टीम के सदस्य खड़े होकर परिवार के सदस्य के आने का इंतजार करते रहे. लंबे समय तक इंतजार के बाद भी किसी सदस्य के नहीं पहुंचने पर घर को सील करने की कार्रवाई की गई. महादेव सट्टा एप मामले में कांकेर में यह ईओडब्ल्यू की पहली बार कार्रवाई है.



### 2 महिलाओं समेत तीन नक्सलियों ने किया सरेंडर

**दंतेवाड़ा,9 मई.** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित दंतेवाड़ा जिले में बुधवार को तीन नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने सरेंडर कर दिया। इनमें दो महिलायें शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि महिला नक्सली नंदे मड़काम (24) और मल्ले मुचाकी (25) तथा नक्सली केशा गोंचे (22) ने सुरक्षाबलों के सामने सरेंडर कर दिया। उन्होंने बताया कि सरेंडर करने वाले नक्सली मलांगेर एरिया कमेटी में सक्रिय थे। उन्होंने बताया कि नक्सली पुलिस के पुनर्वास अभियान 'लोन वर्राटू' से प्रभावित हैं तथा माओवादियों की खोखली विचारधारा से निराश हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि माओवादियों के खिलाफ सड़कें खोदने, सड़कों को अवरुद्ध करने के लिए पेड़ गिराने तथा नक्सलियों द्वारा बुलाए गए बंद के दौरान पोस्टर और एवं लगाने का आरोप है। उन्होंने बताया कि सरेंडर करने वाले नक्सलियों को राज्य सरकार की सरेंडर और पुनर्वास नीति के अनुसार सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।

## ड्राइवर के सामने तिरपाल आने से पलटे ट्रक में मिला 666 करोड़ के सोने का भंडार

**चेन्नई,9 मई.** तमिलनाडु में कोयंबटूर से सेलम तक सोने के आभूषण ले जा रहा एक ट्रक हादसे का शिकार हो गया। वाहन के अंदर 666 करोड़ रुपये की 810 किलो सोने के गहने रखे हुए थे। दुर्घटना की जानकारी होने के बाद मौके पर पुलिस पहुंची. इस दौरान सशस्त्र पुलिस के माध्यम से सोने के आभूषणों को एक वैकल्पिक वाहन में सेलम वापस भेज दिया है। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। इस वीडियो में ट्रक से सोना खाली किया जा रहा है। इस दौरान मौके पर पुलिस कर्मी मौजूद हैं. फिलहाल, पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मामले की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि समथुवापुरम के निकट मोड़ पर ट्रक



की विंडशिल्ड पर तिरपाल उड़कर आ गिरी। इससे चालक शशि कुमार वाहन से नियंत्रण खो बैठा और वाहन पलट गया। हादसे में चालक शशि कुमार और सशस्त्र सुरक्षाकर्मी बलराज गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर चिटोड पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने बताया कि ट्रक के कंटेनर में रखे आभूषणों पर कोई असर नहीं पड़ा। गहने प्राप्त करने वाले और भेजने वाले ने घटना की जानकारी पर नया वाहन और सुरक्षा कर्मी मौके पर भेज दिया। इसके बाद आभूषणों को पलटे वाहन से नए वाहन में रखवाकर सलेम के लिए रवाना कर दिया गया। इस ट्रक के अंदर 810 किलो सोने के गहने भरे हुए थे। इस दुर्घटना में ड्राइवर शशिकुमार (29), सुरक्षा गार्ड पालराज (40) और सहायक नवीन घायल हो गए। ड्राइवर शशिकुमार और सुरक्षा गार्ड पालराज को इलाज के लिए भवानी सरकारी अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।

## एयर इंडिया एक्सप्रेस ने सभी कर्मचारियों को नौकरी से निकाला

**नई दिल्ली,9 मई.** एयर इंडिया एक्सप्रेस ने बिना किसी नोटिस के 'सिक लीव' पर गए सभी कर्मचारियों को नौकरी से निकाल दिया है। एयर इंडिया ने ऐसे कर्मचारियों को ऑपरेशन डिस्टर्ब करने और नियुक्ति शर्तों का उल्लंघन करने का दोषी मानते हुए बर्खास्तगी का नोटिस दिया है। दरअसल टाटा ग्रुप के स्वामित्व वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस के 100 से ज्यादा केबिन क्रू मेंबर्स ने अचानक 'सिक लीव' लगाकर छुट्टी ले ली थी। इसके कारण मंगलवार रात से एयरलाइन को अपनी 90 से ज्यादा फ्लाइट्स को कैंसिल करना पड़ा था। इसके चलते हजारों यात्री परेशान हुए हैं। अब एयर इंडिया ने ऐसे कर्मचारियों को ऑपरेशन डिस्टर्ब करने और नियुक्ति शर्तों का उल्लंघन करने का दोषी मानते हुए बर्खास्तगी का नोटिस दिया है।मंगलवार को जब एयरलाइन की कई फ्लाइट्स उड़ान भरने वाली थीं, तभी आखिरी वक्त में केबिन क्रू के सदस्यों ने बीमार होने की सूचना दी अपने मोबाइल फोन बंद कर लिए थे। बुधवार को एयरलाइन के सीईओ ने कहा, पिछली शाम से, हमारे 100 से अधिक केबिन क्रू सहयोगियों ने अपनी निर्धारित उड़ान ड्यूटी से पहले, अंतिम समय में बीमार होने की सूचना दी है, जिससे हमारे संचालन में गंभीर समस्या पैदा हो गई। इसके बाद एअर इंडिया ने 13 मई तक उड़ान सेवाओं में कटौती की घोषणा की, जिसके कारण मंगलवार रात से 100 से अधिक घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गईं। इससे लगभग 15,000 यात्री प्रभावित हुए हैं। एयरलाइन के सीईओ आलोक सिंह ने कहा, ÷पूरे नेटवर्क पर असर पड़ा है, जिससे हमें अगले कुछ दिनों में शेड्यूल में कटौती करने के लिए मजबूर होना पड़ा है।





## जग्गी हत्याकांड के 3 और आरोपियों ने किया रायपुर कोर्ट में सरेंडर

**रायपुर,9 मई.** एनसीपी के कोषाध्यक्ष रामअवतार जग्गी हत्याकांड में तीन और अभियुक्त गुरुवार को जिला अदालत में सरेंडर कर रहे हैं। ये अभियुक्त संजय सिंह कुशवाहा, नरसिंह प्रसाद शर्मा, अनिल उर्फ प्रमोद कचौरी सरेंडर के लिए अदालत पहुंचे हैं। जग्गी हत्याकांड में हाईकोर्ट ने 31 अभियुक्तों की सजा को बरकरार रखा है। इनमें से 10 को आजीवन कैद की सजा सुनाई गई थी। रामवतार जग्गी हत्याकांड 2003 में अजीत जोगी के शासनकाल में हुआ था। अमित जोगी के उनके कट्टर समर्थक स्वामी भक्ति में रामवतार जग्गी हत्याकांड के स्वरूप में आया था। जिसका एफआईआर स्वर्गीय विद्याचरण शुक्ल के दबाव में मौदहापारा थाने में दर्ज हुआ था, जिसमें 32 आरोपियों के नाम हत्याकांड में सामने आए थे। सभी आरोपियों को 7 -8 साल के उपरांत हाई कोर्ट से ज़मानत अपील के द्वारा मिली थी जो विगत सप्ताह हाईकोर्ट ने लोअर कोर्ट के फ़ैसले को बरकरार रखते हुए सभी आरोपियों की जमानत रद्द कर दी और सभी आरोपियों को एक हफ्ते का समय सजा हेतु सरेंडर करने का दिया था।

## सैम पित्रोदा तो मोहरा है, असली गुनाहगार कोई और : कृष्णम



**नई दिल्ली, 9 मई.** भारतीयों को लेकर सैम पित्रोदा की नस्लवादी टिप्पणी को लेकर सियासत गरम हो गई है। पित्रोदा के नस्लीय बयान पर आचार्य प्रमोद कृष्णम और बीजेपी सांसद गिरिराज सिंह ने हमला बोला है। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने राहुल गांधी का नाम लिए बिना सैम पित्रोदा को मोहरा बताया और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके इस बयान के पीछे असली गुनाहगार तो कोई और ही है। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'असली गुनाहगार कोई और है, सैम पित्रोदा तो मोहरा हैं। वहीं गिरिराज सिंह ने कहा कि इस मामले में राहुल गांधी और सोनिया गांधी को देश से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि क्या राहुल-सोनिया को देश से प्रेम नहीं है। सैम पित्रोदा का इस्तीफा मायने नहीं रखता, राहुल घूम-घूमकर पूरे देश से माफी मांगें।

प्रमोद कृष्णम ने कहा कि, सैम पित्रोदा के बयान से महात्मा गांधी की आत्मा दुखी हो रही होगी, रो रही होगी। मैं प्रधानमंत्री मोदी से अपील करूंगा कि ऐसे बयानों को देश के खिलाफ मानते हुए ऐसे लोगों के खिलाफ, इनकी पार्टी के खिलाफ, ऐसी सोच के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। मीडिया से बातचीत में गिरिराज सिंह ने कहा कि कांग्रेस ने हिंदू-मुस्लिम को 1947 में बांटा, फिर दक्षिण-उत्तर में बांटा,अब ये लोग नस्ल और रंग के आधार पर बांट रहे हैं। यह एक तरह से गाली है, जिसे लोग बर्दाश्त नहीं करने वाले हैं। कांग्रेस बताए कि क्या सैम पित्रोदा के इस्तीफे से भारत के कलंक का दाग मिट जाएगा? इस मामले में खुद राहुल और सोनिया को देश से माफी मांगनी चाहिए।

■ हिंदू आबादी में गिरावट की रिपोर्ट पर भाजपा बोली

## अगर कांग्रेस के हवाले कर दिया तो हिंदुओं के लिए नहीं बचेगा कोई देश



**नई दिल्ली,9 मई.** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रभारी अमित मालवीय ने बुधवार को प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) की रिपोर्ट को लेकर कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा और कहा कि कहा कि यदि देश को कांग्रेस के हवाले छोड़ दिया गया तो हिंदुओं के लिए कोई देश नहीं बचेगा। अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर अमित मालवीय ने ट्वीट किया, 1950 और 2015 के बीच हिंदुओं की हिस्सेदारी 7.8% कम हो गई। मुस्लिम आबादी 43% बढ़ गई। दशकों के कांग्रेस शासन ने हमारे साथ यही किया। उन्हें छोड़ दिया जाए तो हिंदुओं के लिए कोई देश नहीं होगा।

अमित मालवीय की यह टिप्पणी ईएसी की उस रिपोर्ट के बीच आई है जिसमें कहा गया है कि भारत में 1950 से 2015 के बीच बहुसंख्यक हिंदू आबादी की हिस्सेदारी में 7.82 फीसदी (84.68 फीसदी से 78.06 फीसदी) की कमी आई है, जबकि मुस्लिमों की हिस्सेदारी जनसंख्या, जो 1950 में 9.84 प्रतिशत था, 2015 में बढ़कर 14.09 प्रतिशत हो गया, यानी उनकी हिस्सेदारी में 43.15 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस बीच, उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी हिंदू आबादी में कमी के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया और दावा किया कि पार्टी की मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति के कारण मुस्लिम आबादी में कमी आई है।

केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, यह चिंता का विषय है और जनसंख्या में यह असंतुलन - मुस्लिम आबादी में वृद्धि और हिंदू आबादी में गिरावट, कांग्रेस के मुस्लिम तुष्टीकरण के कारण हुआ है। मौर्य ने आगे कहा, कांग्रेस पार्टी ने मुस्लिम लीग की तरह काम किया और इसलिए, देश में जनसंख्या में असंतुलन देखा गया। इसीलिए, देश को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की जरूरत है... हिंदुओं की तरह, मुस्लिम भी केवल एक ही व्यक्ति से शादी करेंगे। ये नहीं कि हम 5 और हमारे 25 के फॉर्मूले से संतुलन बिगड़े,' और फिर देश में एक और पाकिस्तान की मांग उठने लगती है। ऐसी चीजें होने से रोकने के लिए समान नागरिक संहिता जरूरी है।

## ये चुनाव 'वोट फॉर जिहाद' और 'वोट फॉर विकास' के बीच की लड़ाई: शाह

**हैदराबाद,9 मई.** जोर-शोर से चल रहे चुनाव प्रचार के बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि इन लोकसभा चुनावों में लड़ाई 'वोट फॉर जिहाद' और 'वोट फॉर विकास' के बीच है। केंद्रीय मंत्री भोंगिर में तेलंगाना के लोगों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुझे यहां तेलंगाना में उपस्थित होकर खुशी हो रही है... मैं आप सभी का हृदय से स्वागत करता हूं। आज हमारा देश लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव का गवाह बन रहा है। यहां आगामी चुनाव 'वोट फॉर जिहाद' और 'वोट फॉर विकास' मिशन के बीच लड़ाई का प्रतिनिधित्व करते हैं।



शाह ने कहा कि आगामी चुनाव 'राहुल गांधी की चीनी गारंटी' और 'मोदी जी की भारतीय गारंटी' के बीच लड़ाई का प्रतिनिधित्व करते हैं। मैं जहां भी जाता हूं, मुझे केवल 'मोदी, मोदी...' की गूंज सुनाई देती है। तेलंगाना ने 'कमल' को चुनने का फैसला किया है, और उसका प्यार और आशीर्वाद इस बार हमें 400 के पार ले जाएगा! उन्होंने कहा कि तेलंगाना के लोगों ने 2019 में हमें 4 सीटों का आशीर्वाद दिया। और इस बार, मुझे यकीन है कि हम तेलंगाना में 10+ सीटें जीतने जा रहे हैं। तेलंगाना का यह 'डबल-डिजिट स्कोर' निश्चित रूप से मोदी जी को 400 के पार पहुंचा देगा।

भाजपा नेता ने कहा कि मल्लिकार्जुन खड़गे का कहना है कि तेलंगाना और राजस्थान के लोगों को कश्मीर से कोई लेना-देना नहीं है। दुर्भाग्य से, वह नहीं जानते कि यहां के लोग कश्मीर के लिए अपनी जान भी दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 को हटाना मोदी जी द्वारा लिया गया एक ऐतिहासिक निर्णय है, और भारत के लोग इस निर्णय के लिए आभारी भी हैं और गर्व भी करते हैं। मोदी जी ने भोंगिर के कपड़ा उद्योग को बढ़ावा देने के लिए बहुत प्रयास किये हैं। मोदी की कपड़ा नीति बिल्कुल स्पष्ट है. इसका उद्देश्य 'खेत से फाइबर', 'फाइबर से फैक्ट्री', 'फैक्ट्री से फैशन' और 'फैशन से निर्यात' तक के चैनलों को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि बीआरएस तेलंगाना में विकास सुनिश्चित करने के वादे के साथ सत्ता में आई, लेकिन उसने केवल भ्रष्टाचार किया। आपने रेवंत रेड्डी को 5 साल दिए और उन्होंने तेलंगाना को कांग्रेस पार्टी के लिए 'एटीएम' में बदलने के अलावा कुछ नहीं किया। हमें तेलंगाना में 10+ सीटों का आशीर्वाद दें, और हम इसे भारत का नंबर-1 राज्य बना देंगे।

**एक नजर**

## जान से मारने की धमकी

**भिलाई, 9 मई।** भिलाई नेवई थाना क्षेत्र जान से मारने की धमकी और पार्टी में प्रवेश करने करने की धमकी देने का मामला सामने आया है शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 507 के तहत जुर्म दर्ज किया है नेवई पुलिस ने बताया कि स्टेशन मरोदा थाना नेवई निवासी संजीत विश्वकर्मा को अज्ञात व्यक्ति ने वाट्सअप काल व मैसेज कर जान से मारने की धमकी देरर गाली गलौज करने का शिकायत किया है अज्ञात आरोपी ने पीड़ित को आम आदमी पार्टी छोड भाजपा में प्रवेश करने की बात कही है।

## मारपीट,युवक पर जुर्म दर्ज

**भिलाई, 9 मई।** भिलाई - 3 थाना क्षेत्र मारपीट कर गाली गलौज करने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 294, 323, 34, 506 के तहत कार्रवाई किया है।भिलाई - 3 पुलिस ने बताया कि ग्राम जरवाय बजरंग पारा चौक निवासी एमेन्द्र कुमार साहू ने शिकायत किया है कि धनुष ठाकुर पत्नी देवकी साहू को देख मुंह से थूक देता था घर खाना खाने पहुंचा था इस दौरान आरोपी धनुष ठाकुर ने मुंह में थूक दिया और गाली गलौज कर रहा था जिसे देख एमेन्द्र ने विरोध करने पर आरोपी धनुष ठाकुर, लक्की, माना ठाकुर के साथ आकर जान से मारने की धमकी देकर पीड़ित से मारपीट किया घटना में पीड़ित के बांये हाथ, बांये गला, सीना, दाहिने कंधा के पास चोटें आई है।

## आंगनबाड़ी में चोरी

**भिलाई, 9 मई।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र आंगनबाडी का ताला तोड़कर सामान पार करने का मामला सामने आया है शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है जामुल पुलिस ने बताया कि आंगनबाडी क्रमांक 4 शासकीय प्राथममिक, पूर्व माध्यमिक शाला के समीप है जहां से चोरों ने गैस चूल्हा और सिलेंडर लेकर फरार हो गए है ।

## स्ट्रांग रूम को किया गया सील

**दुर्ग, 9 मई ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत लोकसभा क्षेत्र दुर्ग 07 में 7 मई 2024 को तीसरे चरण का मतदान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मतदान सफलता के पश्चात् ई.व्ही.एम. मशीन एवं व्ही.व्ही.-पैट को श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल विश्वविद्यालय जुनवानी भिलाई में बने स्ट्रांग रूम को सील कर दिया गया है। स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए है। साथ ही सीसी टीवी कैमरों के माध्यम से ईवीएम मशीनों पर निगरानी रखी जा रही है। केन्द्रीय सशस्त्र बल चौबीसो घंटे स्ट्रांग रूम की निगरानी करेंगे। मतगणना दिवस तक स्ट्रॉग रूम को कड़ी सुरक्षा के बीच स्पेशल फोर्स की निगरानी में ही रखा जाएगा। सामान्य ऑब्जर्वर श्री श्रीकेश लथकर (आईएएस) व श्री एस.बी. शेट्टेनवर (आईएएस) व कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी व प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में आज सुबह करीब 6 बजे स्ट्रांग रूम को सील किया गया है। इस दौरान एडीएम श्री अरविंद एक्का, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर श्री बजरंग दुबे, अपर कलेक्टर श्रीमती योगिता देवांगन, एसडीएम धमधा श्री सोनल डेविड, एसडीएम दुर्ग श्री मुकेश रावटे, संयुक्त कलेक्टर श्री हरवंश मिरी, डिप्टी कलेक्टर श्री दीपक निकुंज, श्री उत्तम ध्रुव, श्री पंचभाई गुरूदत्त एवं अन्य अधिकारी अधिकारीगण मौजूद थे।

## जिला प्रशासन ने प्रेक्षक श्रीकेश लथकर व प्रसन्ना वी पत्तनसेट्टी का जताया आभार

**दुर्ग, 9 मई ।** लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत लोकसभा क्षेत्र दुर्ग 07 में 7 मई 2024 को तीसरे चरण का मतदान सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मतदान प्रक्रिया के शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न सफलता में प्रेक्षकों का सराहनीय योगदान रहा।

जिसके लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने एडीएम श्री अरविंद एक्का, जिला पंचायत सीईओ श्री अश्विनी कुमार देवांगन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर श्री बजरंग दुबे की उपस्थिति में जिला प्रशासन की ओर से सामान्य प्रेक्षक श्री श्रीकेश लथकर एवं व्यय प्रेक्षक श्री प्रसन्ना वी. पत्तनसेट्टी को नंदी की मूर्ति भेंट की। साथ ही कलेक्टर सुश्री चौधरी ने प्रेक्षकों को मतदान प्रकिया में उनके मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# परशुराम जयंती पर विद्यार्थी ने रेणुका शिरच्छेद की पेंटिग बनाई

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 9 मई।** भगवान परशुराम जयंती पर छत्तीसगढ़ के प्रख्यात मॉडर्न आर्ट चित्रकार डी.एस.विद्यार्थी ने माता रेणुका शिरच्छेद-दृश्य की हृदयविदारक पेंटिंग का निर्माण किया है। विशिष्ठ कला शैली में उनके द्वारा कालजयी कृतियों के चित्रण पर दक्षिण कोसल विमर्श रायपुर से डॉ. शुभ्रा रजक, जाकिर खान, ललित कला अकादमी सृजन के लिए साधक समूह के प्रसिद्ध चित्रकार बी.एल.सोनी, शत्रुघन स्वर्णकार, ध्रुव तिवारी, विजय शर्मा, ब्रजेश तिवारी, गिरजा निर्मलकर, राजू कल्याण, श्वेता पद्मशाली, खैरागढ़ विश्वविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर कपिल वर्मा, साहित्यकार मेनका वर्मा, कला साहित्य मित्र समूह से पीपी विश्वास, श्रीकांत तिवारी, डा. सरिता श्रीवास्तव एवं डा. अंकुश देवांगन ने बधाई दी है। ज्ञात हो कि भगवान परशुराम स्वयं विष्णु के अवतार थे जिनकी जयंती पर देश भर में अक्षय तृतीया पर्व भी मनाया जाता है। चित्रकार डी.एस.विद्यार्थी ने विष्णु पुराण के अनुसार चित्र में दर्शाया है कि परशुराम के पिता एक महान तपस्वी ऋषि थे। वह अपने पिता की देवतुल्य पूजा करते थे। एक दिन उनके पिता ने पितृप्रेम की परीक्षा लेने के लिए विलंब कर रही उनकी माता रेणुका के संहार को कहा। उनके चारो भाईयों ने मना कर दिया लेकिन परशुराम अपने पिता की महानता को जानते थे, वे यह भी जानते थे कि इस कारण का भी कोई कारण होगा। उन्होंने पिता की आज्ञा को शिरोधार्य करते हुए अपने फरसे से माता का शिरच्छेद कर दिया। इससे प्रसन्न होकर पिता ने उन्हें मनचाहा वरदान मांगने को कहा तब परशुराम ने अपनी माता को पुनर्जीवित करने और उनके माता तथा भाईयों को इस घटना की जानकारी न हो इसकी भी मांग की। जिस मांग को उसके तपस्वी ऋषि पिता ने तुरंत पूर्ण कर दी और उनके पितृभक्ति से अत्यंत प्रसन्न हुए।



## विश्व रेडक्रॉस दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित




**दुर्ग, 9 मई ।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार थैलेसिमिया पीड़ित मरीज को ब्लड की नियमित आवश्यकता एवं इलाज के दौरान हीमोग्लोबिन की कमी होने से रक्त का अभाव न हो इसी उद्देश्य से 08 मई विश्व रेडक्रॉस व विश्व थैलेसिमीया दिवस पर दुर्ग जिला ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने 08 मई विश्व रेडक्रॉस दिवस पर रक्तदाताओं को शुभकामनाएं दी है। साथ ही शिविर आयोजनों के प्रति आभार व्यक्त किया है। नोडल अधिकारी ब्लड बैंक जिला चिकित्सालय से प्राप्त जानकारी अनुसार आयोजित विशेष रक्तदान शिविर में आई.सी.आई.सी.आई. फाउण्डेशन से भिलाई, नवदृष्टि फांऊन्डेशन, अग्रवाल समाज दुर्ग, डॉ. रजनीश मल्होत्रा, डॉ. वॉय किरण, श्री पियांशु सिंह, दीपक बंसल एवं दुर्ग-भिलाई के रक्तदाताओं ने रक्तदान कर कुल 30 यूनिट रक्तदान किया। शिविर में 01 रक्तदाता श्री पियांशु सिंह ने अपनी जीवन काल का प्रथम ''ए'' पॉजीटिव रक्तदान किया। ब्लड सेंटर दुर्ग से थैलेसीमिया पीड़ित मरीजों को नियमित निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराया जाता है। वर्ष 2020 में 317 यूनिट, वर्ष 2021 में 267 यूनिट, वर्ष 2022 में 293 यूनिट, वर्ष 2023 में 498 यूनिट एवं जनवरी 2024 से अप्रैल 2024 तक 154 यूनिट रक्त थैलेसीमिया पीड़ित मरीजों को उपलब्ध कराया गया ।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी. मेश्राम, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. हेमंत साहू, आर.एम.ओ. डॉ. अखिलेश यादव , प्रबंधकारिणी सदस्य रेडकॉस एवं आजीवन सदस्य जीवनदीप श्री दिलीप ठाकुर एवं मानद सदस्य जीवनदीप श्री प्रशांत डोंगावकर, नोडल अधिकारी ब्लड बैंक डॉ. प्रवीण कुमार अग्रवाल, प्रभारी अधिकारी ब्लड बैंक डॉ. नेहा नलवाया, अस्पताल सलाहकार डॉ. विश्वनाथ पाणीग्राही, श्री ओ.पी. वर्मा, श्रीमति अंकिता सिंह, श्री तृपेश शर्मा, श्री धीरज राव इंग्ले, श्री रोशन सिंह वरिष्ठ लैब टैक्नीशियन, श्री रूपेश शर्पे, श्रीमति सती गुप्ता, श्री महेन्द्र चंद्राकर, श्री दिनेश, श्री श्री मधुसूदन देवागंन, श्री कौशल, श्री हिमांशु एवं समस्त ब्लड बैंक कर्मचारी, उपस्थित रहें, रक्तदाताओं को उत्साहित कर प्रमाण पत्र एवं पौधा वितरित किये गये।

## बाल विवाह सामाजिक अभिशाप

**दुर्ग 9 मई ।** अक्षय तृतीया के अवसर पर शहरी व ग्रामीण स्तर पर अधिकतर भ्रांतियों के चलते बाल विवाह संपन्न कराया जाता है। जिले में बाल विवाह को पूर्णरूप से प्रतिबंधित करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति, चाईल्ड लाईन की संयुक्त टीम गठित की गयी है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत 21 वर्ष से कम आयु के लड़के और 18 वर्ष से कम आयु की लड़की के विवाह को प्रतिबंधित करता है। 21 वर्ष से कम आयु का पुरूष यदि 18 वर्ष से कम आयु की किसी बालिका से विवाह करता है तो उसे 02 वर्ष तक के कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो कि 01 लाख रूपए तक हो सकता है अथवा दोनों से दण्डित किया जा सकता है। कोई व्यक्ति जो बाल विवाह करवाता है, करता है अथवा उसकी सहायता करता है, उन्हें दण्डित किया जा सकता है तथा कोई व्यक्ति जो बाल विवाह को बढ़ावा अथवा जानबूझकर उसकी अनुमति देता है, बाल विवाह में सम्मिलित होता है तो उसे भी दण्डित किया जा सकता है।


## चढ़ते बैशाख में उतर रहा पारा, बदली-वर्षा की गतिविधियां जारी

भिलाई, 9 मई। मंगल-बुध के बाद आज बृहस्पतिवार को भी मौसम का रुख बादल-बूंदी का ही रहा। बादलों की सघनता से हवा में नमी बढ़ती जा रही है। चढ़ते बैशाख में गर्मी का पारा लगातार उतर रहा है। आज बृहस्पतिवार को भी सुबह से ही घने बादल छाये रहे और सुबह हल्की वर्षा भी हुयी। तेज हवाएं चल रही हैं। मौसम विभाग ने फिर से कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना व्यक्त की है । उसके अनुसार आगामी 48 घंटों के दौरान दक्षिण छत्तीसगढ़ के जिलों में अधिकतम तापमान में 4-5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने, तत्पश्चात कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। प्रदेश के शेष सभी जिलों में आगामी 05 दिनों में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है । प्रदेश में एक दो स्थानों पर मेघ गर्जन के साथ वर्षा होने तथा अंधड की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है। मौसम केंद्र के अनुसार एक चक्रवाती परिसंचरण उत्तर-पूर्वी राजस्थान एवं आसपास के क्षेत्र में औसत समुद्र तल से 1.5 किमी की ऊंचाई तक विस्तारित है। एक द्रोणिका उत्तर-पूर्वी राजस्थान के ऊपर स्थित उक्त चक्रवाती परिसंचरण से उत्तर-प्रदेश, झारखंड एवं गंगीय पश्चिम बंगाल होते हुए, दक्षिण असम तक औसत समुद्र तल से 1.5 किमी की ऊंचाई पर स्थित है । एक द्रोणिका/वायु का असांतत्य उत्तर-पूर्वी राजस्थान से मध्य महाराष्ट्र व उत्तरी आंतरिक कर्नाटक होते हुए, दक्षिण आंतरिक कर्नाटक तक, औसत समुद्र तल से 0.9 किमी की ऊंचाई पर स्थित है। इसलिए चेतावनी जारी की गयी है कि आज प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने एवं अंधड़ चलने की संभावना है। आगामी 2 दिनों के बाद मौसम विभाग का दृष्टिकोण है कि प्रदेश में एक दो स्थानों पर बहुत हल्की से हल्की वर्षा होने



की संभावना है। चक्रवाती परिसंचरण के चलते टेम्प्रेचर में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। मंगलवार को जहाँ अधिकतम तापमान 36.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज की गयी थी जो सामान्य से 5 डिग्री सेल्सियस कम है, वहीं न्यूनतम तापमान 26.6 डिग्री सेल्सियस था जो कि सामान्य से 1 डिग्री सेल्सियस कम रहा। बुधवार को अधिकतम तापमान 35.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज की गयी जो सामान्य से 7 डिग्री सेल्सियस कम है। वहीं न्यूनतम तापमान 20.6 डिग्री सेल्सियस रहा जो कि सामान्य से 7 डिग्री सेल्सियस कम रहा। सोमवार को सापेक्षिक आर्द्रता 52-22 प्रतिशत थी तो मंगलवार को 59-46 प्रतिशत दर्ज की गयी वहीं बुधवार को 65-47 प्रतिशत रहा।

सील



## कलेक्टर की निगरानी में किया गया स्ट्रांग रूम सील

**भिलाई, 9 मई।** सुबह 7 बजे स्ट्रांग रूम में कलेक्टर की निगरानी में स्ट्रांग रूम सीलिंग किया गया। इस अवसर पर एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष महेश वर्मा, संयोजक कन्हैया सोनी, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, शारदा गुप्ता, रंजीत ठाकुर, बंटी नाहर सहित प्रमुख



## तनाव प्रबंधन का उपयोगी टूल है योग

**भिलाई।** क शांति के साथ फिर से जुड़ने के लिए एक रिमाइंडर के रूप में कार्य करता है। इसके अलावा, तनाव प्रबंधन उपकरण के रूप में योग की शुरुआत, कर्मचारी कल्याण और समग्र विकास के प्रति बीएसपी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। शारीरिक और मानसिक कल्याण को बढ़ावा देने वाली पहलों में निवेश करके, कंपनी न केवल एक स्वस्थ कार्यशैली का समर्थन कर रही है, बल्कि दीर्घकालिक सफलता और स्थिरता की नींव भी रख रही है। जैसे ही सूर्य भिलाई इस्पात संयंत्र के औद्योगिक परिदृश्य पर उदय होता है, मैक 2 क्षेत्र में योग पार्क को अपनी सुनहरी किरणों से प्रकाशित कर देता है। हवा में नवीनीकरण और जीवन शक्ति की भावना व्याप्त हो जाती है। सूर्य नमस्कार के अभ्यास में, कर्मचारी आधुनिक दुनिया की चुनौतियों से निपटने के लिए योग के कालातीत ज्ञान का लाभ उठाते हुए, शांति का अनुभव करते हैं।

# बच्चों को कुछ विशेष सीखने का मौका मिलेगा समर कैंप में

**महासमुंद।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी आदर्श विद्यालय महासमुंद में समर कैंप का 15 दिवसीय आयोजन किया जा रहा है जिसका उद्घाटन शाला के प्राचार्य श्री आचार्य सर, प्रधान पाठक श्री चिंतामणि चंद्राकार उप प्राचार्य श्री चमन चंद्राकार ,श्री ठाकुर सर के कर कमलों द्वारा माता सरस्वती के तैल चित्र की पूजा अर्चना कर किया गया।समर कैंप का अयोजन प्रतिवर्षनुसार बच्चो के सहसंज्ञानात्मक क्षेत्र में विकास हेतु किया जाता है समर कैंप के उद्घाटन अवसर पर शाला के उप प्राचार्य के द्वारा उद्बोधन में कहा गया । सभी शिक्षिकाओं के द्वारा समर कैंप में मार्गदर्शन दिया जाएगा एवं बच्चों को कुछ ना कुछ विशेष सीखने को मिलेगा इस कैंप में शाला में जो साल भर पढ़ाई के अलावा गतिविधियां होती हैं उन गतिविधियों को सिखाया जाएगा इस कैंप के माध्यम से बच्चों में छिपी प्रतिभा को बाहर लाने का प्रयास किया जाएगा जिससे बच्चे निर्भीक होकर शाला के समस्त गतिविधियों में भाग ले सके प्रधान पाठक श्री चंद्राकर सर जी के द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि समर कैंप के माध्यम से बच्चों को विभिन्न विधाओं में जैसे रंगोली, पेंटिंग ,नृत्य कला ,मूर्ति कला आदि में पारंगत किया जाएगा उन्होंने बच्चों को कहा कि जीवन में सीखा हुआ कुछ भी व्यर्थ नहीं जाता है वह कभी ना कभी हमारे जीवन में काम आता है इसलिए हमेशा हमें कुछ ना कुछ सीखते रहना चाहिए और यह बहुत अच्छा अवसर है कि हमें साल में शिक्षक शिक्षिकाओं के द्वारा बहुत कुछ सीखने को मिलेगा जिसका हमें पूर्ण रूप से लाभ लेना है एवं समय का सदुपयोग करते हुए 2 घंटे शाला आकर सीखना एवं सिखाना भी है यह बहुत अच्छा



अवसर है जिससे हम एक दूसरे से ऐसी बातों को सीख सकते हैं जो हमें नहीं आता है क्योंकि हर व्यक्ति सभी विषयों पर पारंगत नहीं होता है उसे दूसरे से भी सीखना पड़ता है समर कैंप में इस शाला से अलग बच्चे भी लाभ उठा सकते हैं अगले उद्बोधन में शाला के प्राचार्य आचार्य सर जी के द्वारा कहा गया कि समर कैंप में पढ़ाई के अलावा अन्य गतिविधियों को सिखाया जाएगा उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि यही उम्र होती है जब हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है और इसी उद्देश्य से इस कैंप का आयोजन किया जा रहा है इस 15 दिवसीय कैंप में कुशल शिक्षकों के द्वारा योग ,जुंबा ,वाद्य ,संगीत नृत्य कला पेंटिंग मेहंदी पाक कला औरोगामी अबेकस मूर्तिकला रंगोली मॉडल कबाड़ से जुगाड़ नृत्य नाटिका आदि सिखाया जाएगा तो सभी बच्चे इस कैंप का लाभ अधिक से अधिक संख्या में आकर लेवे और सभी को इसकी जानकारी भी देने ताकि अधिक से अधिक बच्चे जो है इस कैंप के माध्यम से लाभान्वित हो सके सर के द्वारा कहा गया कि हमें सीखने के लिए किसी उम्र की किसी उम्र का मोहताज नहीं होना चाहिए सीखने की कोई उम्र नहीं होती है हमें हमेशा सीखते रहना चाहिए और यह सीखा हुआ कोई भी चीज है यह हमारे जीवन में काम ही आता है इस कैंप का शुभारंभ आचार्य सर जी के द्वारा सूर्य नमस्कार योगासन कर कराया गया कार्यक्रम में शाला के श्री सितोश झुलपे शिक्षिकाओंमें श्रीमती सुधा शर्मा श्रीमती अंजनी साहू ,श्रीमती भारती सोनी,श्रीमती भोजेश्वरीठाकुर,उपस्थित रही।

## कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण मतदान होने पर किया सभी का आभार व्यक्त

**दुर्ग, 9 मई ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले में शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न मतदान संपन्न होने पर मतदान कार्य संपन्न कराने वाले सभी अधिकारियों-कर्मचारियों, सुरक्षाकर्मियों सहित जिले के नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जिले में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने में स्वीप कार्यक्रम की अहम भूमिका रही है। जहां पिछले लोकसभा चुनाव में 71.68 प्रतिशत मतदान हुआ था, वहीं वर्तमान लोकसभा चुनाव में 73.68 प्रतिशत मतदान हुआ है। मतदान में लगभग 2 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में मतदान कराने हेतु अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी, जिन्होंने पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ सुचारू रूप से मतदान संपन्न कराने में अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का भली-भांति निर्वहन किया, वहीं सुरक्षा कर्मियों द्वारा भी सुरक्षा जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन किया गया। भीषण गर्मी होने के बावजूद जिले के नागरिकों ने पूरे सहयोग के साथ निर्वाचन व्यवस्थाओं को ध्यान में रखते हुए उत्साह के साथ मतदान में हिस्सा लेकर मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र में अपनी आस्था व्यक्त की। नए मतदाताओं ने भी पहले बार मताधिकार का प्रयोग करने में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, वहीं महिलाओं की सक्रिय सहभागिता रही। वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों ने भी उत्साह से मतदान किया। जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री चौधरी ने मीडिया प्रतिनिधियों के प्रति भी आभार व्यक्त किया, जिन्होंने सभी तरह के समाचारों का पर्याप्त कव्हरेज करते हुए लोगों को अवगत कराया। स्काउट-गाईड, एनसीसी एवं एनएसएस के छात्रों द्वारा मतदान सहभागिता निभाई, जो सराहनीय रहा। मतदान दलों को लाने-ले जाने के अन्य कार्यों में लगे वाहन चालकों के सहयोग के बिना यह निर्वाचन कार्य भली-भांति संपादित नहीं हो पाता, वाहन चालकों के पूर्ण समर्पण एवं कर्तव्यनिष्ठ होने के फलस्वरूप यह कार्य संपादित हुआ है, इसके लिए सभी वाहन चालक बधाई के पात्र हैं।

एक नजर

## सर्वेश्वरदास विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन 10 मई तक

**राजनांदगांव ,9 मई (तरुण छत्तीसगढ़)।** सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय राजनांदगांव में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 10 मई 2024 है। प्रवेश के लिए पात्र-अपात्र बच्चों की सूची 11 मई 2024 को विद्यालय के नोटिस बोर्ड में चस्पा कर दी जाएगी। जारी सूची के संबंध में आवेदक या पालक 11 से 13 मई 2024 तक विद्यालय में दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। इसके पश्चात 14 मई 2024 को कक्षा पहली एवं 15 मई 2024 को कक्षा पांचवी, छठवीं व सातवीं की कक्षाओं के लिए बच्चों का चयन लाटरी के माध्यम से जिला स्तरीय गठित समिति के समक्ष किया जाएगा। बच्चों की चयनित एवं प्रतिक्षा सूची का अवलोकन विद्यालय के सूचना पटल पर किया जा सकता सकेगा। बच्चों के प्रवेश की प्रक्रिया 16 मई 2024 से प्रारंभ होगी।

## थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी एडमिशन शुरू

**रायपुर,,9 मई (तरुण छत्तीसगढ़)।** थापर इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (डीम्ड यूनिवर्सिटी) में बीई/बीटेक एडमिशन 2024 के लिए एप्लीकेशन शुरू हो चुके हैं। ये एडमिशन जेईई मेन 2024 की आल इंडिया रैंक और 12वीं की पीसीएम मेरिट को ध्यान में रखकर दिए जा रहे हैं। लेटरल एंट्री एडमिशन 10वीं के बाद तीन साल का डिप्लोमा या 12वीं के बाद दो साल का डिप्लोमा करने वाले छात्रों को दिया जाता है। इन छात्रों के लिए न्यूनतम अंकों की आवश्यकता 60त्न (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए 55त्न) होती है। संस्थान की अलग अलग ब्रांच में 3,000 से अधिक सीटों उपलब्ध है। छह दशक से अधिक समय से रिसर्च एक्सीलेंस की विरासत के साथ और भारत में प्रमुख इंजीनियरिंग संस्थानों (नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क) में 20वें स्थान पर रैंकिंग प्राप्त करने के साथ, टीआईईटी इंजीनियरिंग के उन छात्रों के लिए एक प्रमुख और पसंदीदा जगह है जो एकेडमिक एक्सीलेंस की तलाश में है। टीआईईटी एकेडमिक एक्सीलेंस के लिए पूरी तरह से समर्पित है योग्य छात्रों को मेरिट और आर्थिक सहायता छात्रवृत्ति के माध्यम से पर्याप्त समर्थन प्रदान करता है। पिछले साल यह समर्थन राशि 32 करोड़ रुपये से अधिक थी, जिसने उच्च शिक्षा के अपने सपनों का पूरा करने वाले छात्रों को और सशक्त बनाया। इसके अलावा इंटरनेशनल इंजीनियरिंग प्रोग्राम (आईईपी) छात्रों को दुनिया भर में प्रसिद्ध पार्टनर यूनिवर्सिटी जैसे ट्रिनिटी कॉलेज डबलिन, यूनिवर्सिटी ऑफ क्वींसलैंड, वर्जीनिया टेक, तल अवीव यूनिवर्सिटी और न्यू साउथ वेल्स यूनिवर्सिटी में आसानी से स्थानांतरित करने का अवसर प्रदान करता है।

## थैलेसीमिया के खिलाफ एम एम आई नारायणा हॉस्पिटल कर रहा जागरूक

**रायपुर,,9 मई (तरुण छत्तीसगढ़)।** विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर, एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल लोगों को थैलेसीमिया के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण संदेश देने के लिए समर्थ है। थैलेसीमिया एक ऐसा गंभीर रोग है जिसमें लाल रक्तकोशिकाओं के उत्पादन में असमर्थता होती है, जिससे शारीरिकसंघर्ष का सामना करना पड़ता है। थकान, सांस लेने में कठिनाई, ठंड, चक्कर आना, और पीली त्वचा थैलेसीमिया के लक्षणों हैं। इस रोग के संघर्ष के समय, नियमित चिकित्सा जांच और उपचार का पालन अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल केवरिष्ठ सलाहकारइंटरनल मेडिसिन डॉ. मुकेश कुमार शर्मा का मानना है की आधुनिक उपचार सुविधाओं के साथ थैलेसीमिया के प्रबंधन में नेतृत्व कर रहा है। हमारे ब्लड बैंक केंद्र में प्रभावी रक्ताधान की सुविधा उपलब्ध है, साथ ही हाल ही में हमने 2 बोन मेरो ट्रांसप्लांटभी किया हैं/इलाज अलग-अलग लोगों के लिए अलग हो सकता है, लेकिन रक्त स्त्राव को सामान्य करने के लिए रक्त प्रवाह को बढ़ावा देने और रक्त उत्पादन को सुधारने के लिए उपाय किए जा सकते हैं।

## तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर खेत में घुसी, दो घायल

**कोरबा ,9 मई (तरुण छत्तीसगढ़)।।** तेज रफ्तार का कहर इस बार गेवरा - कुसमुडा मार्ग में देखने को मिला। काफी तेज गति से जा रही कार अनियंत्रित होकर फिल्मी स्टाइल से सड़क किनारे उतर पलटते हुए फिर सीधी खड़ी हो गई। घटना में दो लोगो को चोंटे आई। बताया जा रहा है कि बुधवार की दोपहर की तीन बजे कार क्रमांक सीजी 12 बीबी 6802 गेवरा- कुसमुंडा मार्ग में कुचैना मार्ग में एनटीपीसी पुल से कुछ पहले सड़क किनारे उतर गई और दो- तीन बार पलटते हुए सीधी खडी हो गई।

# कलेक्टर ने धीरी परियोजना का किया निरीक्षण

- कलेक्टर की पहल पर दुर्ग जिले से समन्वय करते हुए डूडा एनीकट के निर्माणाधीन कार्य को पूर्ण करने से मिला सुखद परिणाम
- नदी से पानी लेकर उसका ट्रीटमेंट कर 24 गांवों में की जा रही जल की आपूर्ति
- खाद एवं बीज लेने के लिए आ रहे किसानों को नहीं होनी चाहिए समस्या, किसानों के समय की हो बचत



राजनांदगांव 9 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़

कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने आज राजनांदगांव स्थित धीरी परियोजना का निरीक्षण किया। इसके कुछ दिनों पहले कलेक्टर श्री अग्रवाल ने ग्राम ईरा में इंटकवेल का अवलोकन किया था, जहां पानी नहीं था। उन्होंने दुर्ग जिले से समन्वय करते हुए व्यक्तिगत तौर पर पहल की और दुर्ग जिले में डुडा एनीकट के निर्माणाधीन कार्य को पूर्ण कराने के लिए कहा, जिसका सुखद परिणाम मिला। धीरी परियोजना में अब पानी की समस्या नहीं है और जल से भरा हुआ है। इस परियोजना के तहत नदी से पानी लेकर उनका ट्रीटमेंट कर 24 गांवों में जल की आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने इस दौरान ग्राम धीरा, सांकरा, धीरी और सोमनी में ग्रामीणों से पेयजल के संबंध में चर्चा की। ग्रामवासियों ने बताया कि कुछ स्थानों में पानी की समस्या है। गांव में टूल्लू पम्प लगे होने के कारण जल का स्तर नीचे चला गया है और कुछ घरों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। कलेक्टर ने पंचायत एवं पीएचई विभाग की टीम को ग्रामों में निरीक्षण कर समाधान करने के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि 28 करोड़ 77 लाख 44 हजार रूपए की लागत से निर्मित धीरी परियोजना से 24 गांव में पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। जिसके अंतर्गत ग्राम सोमनी, खुटेरी, ठेकवा, ठाकुरटोला, मनकी, तोरनकट्टा, सुंदरा, ईरा, सांकरा, धीरी, फरहद, ककरेल, महुआभाठा, परमालकसा, अचानकपुर भाठापारा, बैगाटोला, नवागांव, फुलझर, बिरेझर, इंदावानी, टेड़ेसरा, कोपेडीह, मगरलोटा, देवादा लाभान्वित हो रहे हैं। इन ग्रामों में उच्चस्तरीय जलागार बनाया गया है। कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने सेवा सहकारी समिति सोमनी का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने वहां उपस्थित किसानों से चर्चा की तथा काउंटर पर खड़े होकर खाद एवं बीज लेने के लिए आए किसानों की प्रक्रिया को देखा। कलेक्टर ने कहा कि किसानों को दिक्कत नहीं होनी चाहिए। बैंक में किसानों को कम समय लगे इस बात के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री समीर शर्मा, कार्यपालन अभियंता जल संसाधन श्री जीडी रामटेके सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## बालको की पहल से ट्रांसजेंडर कर्मचारियों को मिला उत्कृष्ट कार्य वातावरण

**कोरबा 9 मई।** बालको में फोर्कलिफ्ट ऑपरेटर के रूप में कार्यरत ट्रांसजेंडर कर्मचारी भवानी राठिया कहती हैं कि टीम प्रयास से ही एल्यूमिनियम उत्पादन होता और मुझे अपने सहयोगियों के साथ उत्पादन में योगदान करने पर गर्व है। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में भवानी जैसी सशक्तिकरण की विभिन्न प्रेरक कहानियाँ हैं, जो समुदाय में ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए आशा की किरण के रूप में काम करती हैं।

भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) में 17 ट्रांसजेंडर कर्मचारी कार्यरत हैं, जिनमें से प्रत्येक अलगाव से पहचान की मजबूत भावना में परिवर्तन की अपनी यात्रा साझा करते हैं। वर्ष 2022 में 7 ट्रांसजेंडर कर्मचारियों को कार्यबल में शामिल कर कंपनी ने अपनी कार्य संस्कृति के समावेशिता को बढ़ावा दिया। कंपनी के इस प्रयास से समाज में उनके पहचान को मजबूती मिली। ये कर्मचारी फोर्कलिफ्ट संचालन, स्टोर प्रबंधन और सुरक्षा गार्डों के पदों पर अपनी भूमिकाएँ निभा रहे हैं तथा कंपनी के महत्वपूर्ण योगदानकर्ता के तौर पर अपने पहचान को सशक्त किया है।

दीपा को अपनी शुरुआती घबराहट अच्छी तरह याद है जब उन्होंने बालको में सुरक्षा कार्य में काम करना शुरू किया था। हालाँकि अब वो अपनी नौकरी पर गर्व करती है लेकिन चुनौतियों से निपटने और व्यक्तिगत एवं पेशेवर रूप से आगे बढ़ने में मदद करने के लिए वह अपने सहायक प्रबंधक को श्रेय देती है। फोर्कलिफ्ट गैराज की पर्यवेक्षक आकांक्षा सोनी ने बताया कि बालको सभी ट्रांसजेंडर कर्मचारियों के लिए एक अभिभावक रहा है। उन्होंने कहा कि कैसे नौकरी किसी व्यक्ति के आत्मविश्वास को बढ़ाने में मददगार साबित हो सकता है। बालको ने मेरे सपनों को उड़ान देने का कार्य किया है और मुझे मेरी क्षमता का एहसास करने में मदद की है। आज मेरा आत्मविश्वास मुझे फोर्कलिफ्ट गैरेज में एक पर्यवेक्षक के रूप में काम करने के लिए प्रेरित करता है।



## किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज एवं खाद सहज उपलब्ध कराएं : कलेक्टर

राजनांदगांव 9 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़

> कलेक्टर ने खरीफ फसल के दृष्टिगत जिले में खाद-बीज भण्डारण एवं वितरण के संबंध में की समीक्षा

कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने खरीफ फसल के दृष्टिगत जिले में खाद-बीज भण्डारण एवं वितरण के संबंध में आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कृषि विभाग, सहकारिता विभाग, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक की बैठक लेकर समीक्षा की। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने खाद-बीज के भंडारण और किसानों को किए जा रहे वितरण की जानकारी ली। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि जिले में लक्ष्य के अनुरूप खाद-बीज का भण्डारण हो जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी सोसायटी में पर्याप्त मात्रा में गुणवत्तायुक्त बीज का भंडारण रखें और किसानों की मांग पर बीज का वितरण किया जाए। उन्होंने समय-समय पर बीज की गुणवत्ता को जांच करने अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज एवं खाद सहज उपलब्ध हो जाना चाहिए। उन्हें खाद-बीज के लिए दुबारा सोसायटी आने की जरूरत नहीं पडनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को अनावश्यक खाद-बीज के लिए दिक्कत नहीं होना चाहिए। उन्होंने जिन सोसायटियों में खाद-बीज उपलब्ध नहीं है वहां तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जैविक खेती से होने वाले फायदें के संबंध में किसानों को जागरूक करने कहा। उन्होंने जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए गांव-गांव में जाकर किसानों को प्रोत्साहित करने कहा। जैविक खेती के उत्पाद स्वास्थ्य के दृष्किोण से लाभप्रद है। इसके फायदे किसानों को बतायें। इसके साथ ही मिट्टी की उर्वरा शक्ति में वृद्धि होती है। रासायनिक खेती के दुष्परिणाम एवं हानि से किसानों को अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि रासायनिक खेती से भूमि की उर्वरा शक्ति कम होती है। अच्छी गुणवत्ता की पैदावार नहीं हो पाती है। कम मात्रा में पैदावार होती है। जिससे किसानों की आय में कमी होती है। उन्होंने किसानों को अच्छी गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराने कहा। इसके साथ किसानों को पैदावार बढ़ाने के संबंध में सलाह देने कहा। जिससे किसानों के आय में वृद्धि होगी। बैठक में उप संचालक कृषि श्री नागेश्वर लाल पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## आयुक्त ने श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र पहुंच कर सफाई व पानी की जानकारी ली

राजनांदगांव 9 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़

प्रतिदिन निरीक्षण की कडी में आज सुबह निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता तकनीकि एवं स्वास्थ्य अधिकारियो के साथ लखोली के जनता कालोनी, राहुल नगर, बैगापारा, धरसा रोड क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया वही पानी सप्लाई की क्षेत्रवासियों से जानकारी लेकर कम पानी आने का निराकरण करने तकनीकि अधिकारियों को निर्देश दिये। सबसे पहले आयुक्त श्री गुप्ता लखोली स्कूल के पास सुलभ शौचालय का निरीक्षण कर सफाई के आभाव एवं पानी की सुविधा नहीं होने पर नराजगी व्यक्त करते हुये सुलभ के संचालक को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने हाजरी रजिस्टर की जॉच कर कर्मचारियों के संबंध में जानकारी लेकर निर्धारित समय तक सफाई कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि श्रमिक बहुल्य क्षेत्रों में मौसमी बिकारी को ध्यान में रखते हुये साफ सफाई की समुचित व्यवस्था करे, लोगों को भी साफ सफाई रखने हेतु समझाईस देवे। इसके अलावा लखोली शीतला तालाब के आस पास साफ सफाई रखने निर्देशित किये। आयुक्त श्री गुप्ता ने निर्माण कार्य निरीक्षण के दौरान जनता कालोनी में निर्माणाधीन पुलिया निर्माण कार्य देख कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने प्र.कार्यपालन अभियंता श्री कामना सिंह यादव से कहा कि सभी निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखकर नियमित रूप से तराई करावे। उन्होंने जनता कालोनी, राहुल नगर में पानी के संबंध में लोगों से जानकारी ली। कम पानी आने की शिकायत पर उक्त क्षेत्र में पानी सप्लाई के समय पहूँचकर जॉच करे एवं उसका निराकरण करने अधिकारियों को निर्देशित किये। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में पानी कम आने या गंदा आने की शिकायत प्राप्त होती है, उसका स्थल निरीक्षण कर निराकरण करे, ताकि



गर्मी में पर्याप्त पानी सप्लाई हो सके। निरीक्षण के दौरान प्र.सहायक अभियंता श्री दिलीप मरकाम, उप अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा, वरिष्ट स्वच्छता निरीक्षक श्री राजेश मिश्रा,स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव, जिला समन्वयक एसबीएम श्री देवेश साहू व श्री कीर्तन साहू, प्र.पटवारी श्री मिलिन्द रेड्डी उपस्थित थे।

## यातायात नियमों का पालन करिए यह आपकी सुरक्षा के लिए बनाए गए हैं:भोई



रायपुर, 9 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा चौबे कालोनी में आयोजित समर कैम्प में यातायात नियमों की जानकारी देते हुए यातायात प्रशिक्षक टी. के. भोई ने कहा कि हमें यातायात के सारे नियमों का पालन जरूर करना चाहिए क्योंकि यह हमारी ही जीवन रक्षा के लिए बनाए गए हैं। कभी भी शार्ट कट के चक्कर में अपनी जान को जोखिम में नहीं डालना चाहिए।

उन्होंने आगे बतलाया कि देश में सबसे पहली सड़क चन्द्रगुप्त मौर्य ने बनायी थी जो कि चार देशों से होकर गुजरती थी। उसका नाम था उत्तर पथ। फिर अंग्रेजों ने सड़क बनायी उसे ग्रैण्ड ट्रंक रोड (जी.टी. रोड) कहा जाता था। जब देश आजाद हुआ तब इसी जी.टी. रोड को विभाजित कर नेशनल हाईवे बना। देश का सबसे लम्बा हाईवे एन.एच. 4 है जो कि 3400 किलोमीटर लम्बी है। उन्होंने बतलाया कि ज्यादातर दुर्घटनाएं चालक की लापरवाही से होती है। यदि चालक अच्छा हो और वह यातायात नियमों का पालन करता हो तो दुर्घटनाओं की सम्भावना कम हो जाती है। दुर्घटनाओं से बचने के लिए हमें यातायात संकेतों का भी ज्ञान होना जरूरी है। उन्होंने विस्तार से बच्चों को प्रोजेक्टर के माध्यम से यातायात संकेतों का परिचय दिया तथा उनका पालन करने की नसीहत दी। उन्होंने बतलाया कि यह संकेत संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों में एक समान होते हैं। उन्होंने कहा कि सड़क पार करने के लिए जेब्रा कासिंग का ही उपयोग करना चाहिए। इसी प्रकार आधी सड़क दाँयी ओर देखते हुए और शेष आधी सड़क बाँयी ओर देखते हुए पार करना चाहिए। उन्होंने बतलाया कि लोगों की मृत्यु का पांचवा सबसे बड़ा कारण सड़क दुर्घटना है। मरने वालों में अस्सी प्रतिशत संख्या युवाओं की होती है। इन दुर्घटनाओं से देश को प्रतिवर्ष लगभग अस्सी हजार करोड़ रूपयों का नुकसान होता है जो कि सकल विकास दर (जीडीपी) के दो प्रतिशत के बराबर है।

## मुआवजा व रोजगार की मांग को लेकर ग्रामीणों ने बंद कराया खदान का काम

**कोरबा 9 मई।** मतदान खत्म होते ही ग्राम पंचायत सुवाभोड़ी, अमगांव के ग्रामीणों ने एसईसीएल की गेवरा खदान में चल रहे कोयला उत्पादन व मिट्टी निकासी का काम बंद करा दिया। ग्रामीणों का कहना है कि मुआवजा और आउटसोर्सिंग कंपनियों में रोजगार को लेकर कई बार प्रबंधन के समक्ष प्रस्ताव रखा गया, पर अभी तक समस्या का निराकरण नहीं हो सका।

जानकारी मिलने पर स्थल पर पहुंचे एसईसीएल के अधिकारियों ने समझाइश देने का प्रयास किया, पर ग्रामीण अपनी मांग पर अड़े रहे। ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम पंचायत सुवाभोड़ी के मुआवजे को लेकर प्रबंधन टालमटोल की नीति लगातार अपना रही है। इसके कारण मुआवजा प्राप्त करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दस्तावेजों की प्रक्रिया को इतना जटिल कर दिया गया है, इसकी वजह से मुआवजा राशि का भुगतान नहीं हो पा रहा है। इसे सरल किया जाना बहुत जरूरी है। दूसरी ओर अमगांव पंचायत के ग्रामीणों ने अमगांव फेस पर कार्य में लगे मशीनों को बंद कर दिया। आउटसोर्सिंग कंपनियों में रोजगार देने के लिए एसईसीएल दीपका प्रबंधन वादा किया था। दो माह बीत जाने के बाद भी एसईसीएल प्रबंधन द्वारा अमगांव के बेरोजगार नौजवानों को अभी तक आउटसोर्सिंग कंपनियों में नियोजित नहीं कर पाया जिससे नाराज ग्रामीणों ने दीपका कोयला खदान के खनन कार्य में लगे मशीनों को बंद कर दिया।

यहां बताना होगा कि भीषण गर्मी के बावजूद भी अपनी मुआवजा रोजगार को लेकर सड़कों में संघर्ष करना पड़ रहा है। समाज सेवक मनीराम भारती ने कहा कि एसईसीएल और प्रशासन द्वारा जमीन अधिग्रहण तो कर लिया जाता है, पर ग्रामीण अपनी आर्थिक व्यवस्था को मजबूत नहीं कर पाते। इसकी वजह से एसईसीएल का नियम कानून गरीब किसान ग्रामीण के अंदर और कमजोर बना देती है।



## एलजीएम गायत्री विद्यापीठ स्कूल में 500 एनसीसी कैडेट्स को पढ़ाया यातायात का पाठ

**राजनांदगांव,,9 मई (तरुण छत्तीसगढ़)।** आज दिनांक 08.05.2024 को पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक श्री लोकेश कुमार कसेर सउनि श्री येनलाल चन्द्राकर आर. 308 सुकदेव साहू, आर. 1385 रूपेन्द्र वर्मा, आर. 829 सोमेश सिंह द्वारा एलजीएम गायत्री विद्यापीठ स्कूल राजनांदगांव में लगभग 500 एनसीसी कैडेट्स को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया गया, साथ ही वाहन चलाते समय रोड में चलने के दौरान बरती जाने वाली सावधानियॉ एवं सड़क दुर्घटना से होने वाले नुकसान एवं उनसे बचने के उपाय के बारे में बताया गया। साथ ही यातायात पुलिस राजनांदगांव की आम जनता से अपील है कि यातायात नियमों का पालन करें एवं सुरक्षित रहे।

## मैट्स यूनिवर्सिटी के हिन्दी विभाग में विदाई समारोह का आयोजन

**रायपुर,9 मई (तरुण छत्तीसगढ़)।** मैट्स यूनिवर्सिटी के हिन्दी विभाग के बी.ए. एवं एम.ए. के विद्यार्थियों द्वारा विदाई समारोह (फेयरवेल) का आयोजन किया गया। इस समारोह में कनिष्ठ विद्यार्थियों ने वरिष्ठ विद्यार्थियों को उपहार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यर्थियों ने अपनी पुरानी यादें ताजा की और अपने अनुभव बांटकर इसे अपने जीवन का सबसे यादगार क्षण बताया। इस दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति



भी दी एवं अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन कर विदाई समारोह को यादगार बनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवन के साथ किया गया। मैट्स यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति श्री गजराज पगारिया, कुलपति प्रो.के.पी. यादव, महानिदेशक श्री प्रियेश पगारिया, कुलसचिव गोकुलानंदा पंडा ने इस समारोह की सफलता की शुभकामनाएँ देते हुए विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। समारोह में डॉ. सुपर्णा श्रीवास्तव डॉ. रमणी चंद्राकर, डॉ. सुनीता तिवारी, प्रियंका गोस्वामी सहित अनेक संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

विधायक ने ग्रीन आर्मी संस्था की प्रशंसा की

# गजराजबांध का विधायक ने किया निरीक्षण और कब्जा न होने देने का भरोसा दिलाया

रायपुर,9 मई ■ तरुण छत्तीसगढ़

गजराज बांध बचाने के उददेश्य से ग्रीन आर्मी छत्तीसगढ़ द्वारा दिव्य पीपल] बरगद का गायत्री मंत्रोच्चार एवं हवन पूजन के साथ जल अर्पण का कार्य संपन्न हुआ] इस अवसर पर रायपुर ग्रामिण विधायक श्री मोती लाल साहू जी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। ज्ञात हो ग्रीन आर्मी संस्था गजराज बांध को बचाने हेतू 9 नंवबर 2020 को बुढ़ागार्डन गेट से गजराज बांध तक पदयात्रा] हिन्दर्स्पोटींग मैदान में 11 दिवसीय धरना प्रदर्शन] 1000 पिपलों का वृक्षारोपण] छात्र-छात्राओं को गजराजबांध की जानकारी] वर्ष 2021 में 11 दिवसीय गणेशोत्सव] एक व्यक्ति एक धमेला] गहरीकरण] भव्य तिरंगा यात्रा एवं कवि सम्मेलन जैसे अनेक आयोजन संस्था द्वारा गजराजबांध को बचाने हेतू किया गया एवं यह



प्रयास विगत 7 वर्षो से निरंतर जारी है] आज के कार्यक्रम का प्रारंभ उपस्थित लोगों का स्वगत तिलक चंदन फुलमाला के साथ किया गया तत्पश्चात श्री पीके साहू द्वारा सम्पूर्ण कार्यक्रम की जाानकारी प्रदान की गई । ग्रीन आर्मी छत्तीसगढ़ द्वारा आयोजित जल अर्पण एवं स्वच्छता अभियान के इस भव्य कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक रायपुर ग्रामीण श्री मोती लाल साहू जी को ग्रीन आर्मी संस्था प्रदेश अध्यक्ष श्री अमिताभ दुबे जी ने 150 से भी अधिक लोगो की बिच गजराजबांध को बचानें हेतू संस्था द्वारा किये गये प्रयास को सार्वजनिक रूप से अवगत कराते हुए ज्ञापन पढ़कर श्री विधायक महोदय को ज्ञापन सौंपा। जिस पर विधायक जी द्वारा ग्रीन आर्मी संस्था का भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा गया संस्था पर्यावरण सरंक्षण हेतू एक अग्रणी संस्था है संस्था द्वारा गजराज बांध बचाने हेतू निरंतर प्रयास किये जा रहे मै आपसे वादा करता हू आगामी 5 वर्षो तक गजराज बांध में किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नही होगा। गजराज बांध जो गजराज की तरह विशाल है जो कि आज अपने अस्तित्व की लडाई लड़ रहा है] कभी इस बांध से आस-पास के अनेक गांव में पानी का पूर्ती हुआ करता था] राहगीर तालाब की पेड़ पार पर विश्राम किया करते थे] आज स्वयं पानी की बूंद के लिये तरस रहा, गंदगी पसरा पड़ा है। जिसे बचाने के लिये अनेक प्रयास ग्रीन आर्मी द्वारा किया जा रहा है। ग्रीन आर्मी पूर्व अध्यक्ष श्री गुरदीप टूटेजा - तालाब में 1000 के अधिक दिव्य पिपल बरगद लगे है जिसमें निरंतर जल अर्पण का कार्य संस्था द्वारा किया जा रहा यह तालाब की पेड़पार की सुरक्षा के साथ जिवनदायनी हवा एवं बांध को सुरक्षा प्रदान करेगी। संर्पूण कार्यक्रम का संचालन ग्रीन आर्मी पूर्व अध्यक्ष श्री सुभाष साहू जी द्वारा किया गया, इस अवसर पर गजराज बांध संरक्षण हेतू उत्कृष्ट कार्य करने वालों को गजराजबांध संरक्षण समिति द्वारा सम्मानित भी किया गया। आज के कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्रीन आर्मी पूर्व अध्यक्ष श्री एनआर नायडू स्थाानीय पार्षद उषा चन्द्राहास निर्मलकर]ग्रामीण भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेन्द्र धुरंधर] संस्था अध्यक्ष श्री गुरदीप टूटेजा] पूर्व अध्यक्ष मोहन वल्यार्नी] सीए किशोर बरडीया]हरदीप कौर पूर्वा] रवि ठाकूर] मोनिका बागरेचा] भारती श्रीवास्तव छोटे लाल साहू] श्रृषीकांत चन्द्राकर] डॉ पुरूषोत्तम चन्द्राकर] जिला साहू समाज अध्यक्ष केशव साहू] डॉ हितेश दिवान] मि टारगेट] आशिष शर्मा जी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# 2 लाख की इमारती लकड़ी को घर के अंदर जमीन में गाड़कर रखा था, वन विभाग ने किया जब्त



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर,9 मई।** जिले में सागौन लकड़ी की तस्करी पेड़ों कि अवैध कटाई की खबरें आपने सुना होगा लगातार आ रहे सूचनाओं के आधार पर एक बड़ी कार्रवाई की जानकारी मिल रहा है। आपको बता दें बीजापुर सामान्य वन मंडल के वन परिक्षेत्र गंगालूर क्षेत्र अन्तर्गत आने वाला ग्राम पंचायत पदेडा का मामला बताया जा रहा। जानकारी के मुताबिक 07? मई 2024 को गंगालूर परिक्षेत्र को कई सूचनाएं मिल रहा था जब इस संबंध में वन परिक्षेत्र अधिकारी बुजवल सिंह से जब हमने बात किया तो उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में कई बार सूचना मिल रहा था, पर मौके में कभी जप्त नहीं हुआ।

यहां जो कार्रवाई हुआ जिसमें सामान्य वन मंडल अधिकारी रामकृष्णा अय्यर के निर्देशन पर हमारे एसडीओ देवेन्द्र गोंण के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र के टीम द्वारा सुबह 11 बजे से 4 बजे दबिश दी गई। जहां से लकड़ी जप्त किया गया ग्राम पदेडा में बेवा तुलसी दुर्गम पति स्व. बालैया दुर्गम पुत्र कैलाश दुर्गम के घर में सागौन फारा 149 नग 1.820 घ.मी. 59 नग , चौखट कड़ी 0.810 घ.मी., बगली 41 नग 0.227 घ.मी. एवं लट्ठा 6 नग 0.191 घ.मी., सागौन का कुल 255 नग 3.048 घ. मी. जिसका बाजर मूल्य 02 लाख आठ रूपए का राशि का इमारती काष्ठ घर के अंदर जमीन में गाड़कर रखा गया था। विभाग ने जिसे मुखबीर की सूचना पर जप्त कर POR प्रकरण क्रमांक - 19122/02 द्वारा पंजीबद्ध कर सागौन लकड़ी जप्त कर काष्ठगार बीजापुर डिपो में ला कर रखा गया।

## तेंदूपत्ता मजदूरी नगद भुगतान करने की मांग

### सर्व आदिवासी समाज ने सीएम के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर,9 मई ।** तेंदूपत्ता संग्राहकों की मजदूरी के नगद भुगतान को लेकर बुधवार को सर्व आदिवासी समाज ने सीएम विष्णुदेव साय के नाम जिले के कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया। सर्व आदिवासी समाज के जिला अध्यक्ष जग्गूराम तेलामी ने बताया कि बीजापुर आदिवासी बाहुल्य और अति दुर्गम तथा पिछड़ा इलाका है। जिले में 39 बैंक शाखाएं हैं किंतु ये भी मुख्य कस्बों में संचालित हैं। 54 से ज्यादा ग्राम पंचायतों में एयरटेल पेमेंट बैंक और बीसी सखी के होने के बाद भी ग्रामीणों को जरूरत के लिए नगद राशि नही मिल पाती है। तेंदूपत्ता यहां के आदिवासी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ है, जो पूरे साल के जीवनचर्या में मददगार साबित होता है। बैंकों की दूरी और बैंकों तक जमा राशि के निकासी के लिए लोगों को एक से दो दिनों की यात्रा और बैंकों की लंबी लाइन उन्हे जीवनयापन के दूसरे कार्यो से दूर करता है और बिना कारण समय नष्ट करता है। सर्व आदिवासी समाज मांग करता है कि बीजापुर जिले के तेंदूपत्ता संग्राहकों को पंचायत प्रतिनिधियों, समाज प्रमुखों की मौजूदगी में नगद भुगतान कराएंगे। जग्गुराम तेलामी ने बताया कि कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने समाज प्रमुखों को आश्वस्त किया है कि उनकी मांग को सरकार को भेजा जाएगा तथा यहां की भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए लोक हित में निर्णय लिया जाए। इस दौरान जिला सचिव कमलेश पैंकरा, श्रवण सैंड्रा, बुधराम कोरसा, सन्नु हेमला सहित अन्य पदाधिकारीगण मौजूद थे।

## एक नजर

### गरियाबंद एवं राजिम में रविवार, छुरा में गुरुवार तथा फिंगेश्वर में शुक्रवार को बंद रहेंगी दुकानें

**राजिम 9 मई ।** गरियाबंद जिले में दुकान स्थापना अधिनियम, 1958 अंतर्गत गरियाबंद जिले के समस्त नगरीय क्षेत्रों में गरियाबंद एवं राजिम में रविवार को, छुरा में गुरुवार को एवं फिंगेश्वर में शुक्रवार को बंद दिवस घोषित किया गया है। श्रम पदाधिकारी गरियाबंद ने बताया कि दुकान स्थापना अधिनियम, 1958 की धारा 13 (1) के अंतर्गत अधिसूचित क्षेत्र में सप्ताह में एक दिन संस्थान बंद एवं कर्मकारों को साप्ताहिक अवकाश प्रदान करने का प्रावधान है। राजिम, गरियाबंद में रविवार को तथा छुरा में गुरुवार एवं फिंगेश्वर में शुक्रवार को अति आवश्यक सेवा को छोड़कर अन्य दुकानें/स्थापना/संस्थान छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम, 1958 की धारा 13(1) के अंतर्गत पूर्णरूप से बंद रहेंगे।

### भाजपा नेताओं ने ओडिशा में प्रचार किया



**महासमुंद।** भारतीय जनता पार्टी कालाहांडी लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती मालविका सिंहदेव एवं नुआपाड़ा विधानसभा प्रत्याशी अभिनंदन पंडा जी के चुनाव प्रचार में नुआपाड़ा विधानसभा के ग्राम पवरतला में चुनावी सभा को संबोधित किया।मोदी की गारंटी के साथ ओडिसा की देवतुल्य जनता भाजपा सरकार बनाने को उत्साहित है।इस अवसर पर महासमुंद लोकसभा सांसद चुन्नीलाल साहू जी,जिला उपाध्यक्ष मोनिका साहू जी,सांसद प्रतिनिधि संदीप दीवान जी,भाजपा नेता प्रकाश कलार जी,गोवर्धन साहू जी,संतोष डडसेना जी,संतोष साहू,विनय दीक्षित,युवा मोर्चा के साथी नितिन जैन,पंकज जैन,रवि फिरोदिया आदि उपस्थित थे।

### सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण के लिए 15 मई तक पंजीयन

**महासमुंद 10 मई ।** बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान बरोंडा द्वारा जिले के युवतियों के लिए सिलाई एवं ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण में 15 मई 2024 तक तथा युवकों के लिए मोबाईल रिपेयरिंग एवं एसी फ्रीज रिपेयरिंग के लिए 24 मई तक पंजीयन करा सकते है। इच्छुक प्रतिभागियों को निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए बी.पी.एल. राशन कार्ड की प्रतिलिपि, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज की 5 फोटो, दस्तावेज साथ लाना होगा। प्रतिभागी की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। निःशुल्क प्रशिक्षण पंजीयन के लिए एवं प्रशिक्षण की जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नम्बर 07723-299155, कमलेश पटेल के मोबाईल नम्बर 79997-00673, प्रतीक साहेब गुप्ता के मोबाईल नम्बर 93402-81974 पर प्रातः 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक संपर्क कर सकते है।

### रूपनारायण एवं अभय कुमार को व्यय लेखा प्रस्तुत न करने पर नोटिस जारी

**रायगढ़, 9 मई।** लोकसभा निर्वाचन-2024 रायगढ़ संसदीय क्षेत्र क्रमांक 02 के निर्दलीय अभ्यर्थी श्री रूपनारायण एक्का एवं श्री अभय कुमार एक्का को 6 मई तक व्यय लेखा प्रस्तुत करने हेतु सूचना पत्र दिया गया था। किन्तु उनके अथवा उनके अभिकर्ता द्वारा अभ्यर्थी व्यय पंजी निरीक्षण हेतु उपस्थित नहीं हुए। इस संबंध में श्री रूपनारायण एक्का एवं श्री अभय कुमार एक्का को 3 दिवस के अंदर कारण दर्शित करते हुए अपना स्पष्टीकरण रिटर्निंग ऑफिसर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-02 रायगढ़ के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु कहा गया है, अन्यथा आईपीसी की धारा 171-झ के तहत प्रकरण दर्ज किया जाकर उन्हें प्रदान की गई वाहन अनुमति/अन्य समस्त अनुज्ञा के निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी। उल्लेखनीय है कि जिला निर्वाचन अधिकारी एवं व्यय प्रेक्षक के द्वारा 22 अप्रैल को कार्यालय कलेक्टर रायगढ़ के सभाकक्ष में सभी अभ्यर्थियों के साथ बैठक आयोजित की गई थी, जिसमें अभ्यर्थियों को अभ्यर्थी व्यय पंजी के 3 बार निरीक्षण किए जाने हेतु 25 अप्रैल, 30 अप्रैल तथा 6 मई 2024 का सूचना पत्र दिया गया था, किन्तु श्री रूपनारायण एक्का एवं श्री अभय कुमार एक्का के द्वारा किए गए समस्त व्यय का लेखा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 77 के तहत निर्धारित प्रारूप में रखा जाकर आपके /अभिकर्ता द्वारा तृतीय निरीक्षण 6 मई 2024 को अपना अभ्यर्थी का व्यय लेखा प्रस्तुत किया जाना था किन्तु नियत तिथि एवं स्थान पर उनके द्वारा स्वयं या अभिकर्ता द्वारा अभ्यर्थी व्यय पंजी निरीक्षण हेतु उपस्थित नहीं हुए।

## सिकासार जलाशय का गेट 10 मई से होगा बंद जल उपलब्धता के आधार पर लिया गया निर्णय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम 9 मई ।** सिकासार जलाशय से रबी फसल सिंचाई के लिए, राजिम मेला एवं निस्तारी हेतु 1 जनवरी 2024 से निरंतर पानी प्रदाय किया जा रहा है। जलभराव क्षमता के विरुद्ध जलाशय में उपलब्ध जल को ध्यान में रखते हुए 10 मई से सिकासार जलाशय का गेट बंद कर दिया जाएगा। कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग गरियाबंद ने बताया कि सिकासार जलाशय की जलभराव क्षमता 198.88 मि.घ.मी. है। 2 मई 2024 की स्थिति में जलाशय में 53.54 मि.घ.मी. जल उपलब्ध है, जो कि जलाशय के पूर्ण जलभराव का मात्र 26.91 प्रतिशत है। चूँकि आगामी खरीफ फसल वर्ष 2024- 25 हेतु गरियाबंद, धमतरी जिले के लिए 38.00 मि.घ.मी. एवं माह मई 2024 में निस्तार के लिए पानी आरक्षित रखा जाना है। इस हेतु कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल द्वारा जलाशय में उपलब्ध जल के आधार पर पानी बंद किए जाने का निर्देश दिया गया। अतः जल उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए सिकासार जलाशय का गेट 10 मई से बंद किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक 23 जनवरी 2024 को कलेक्टर श्री दीपक अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया था। बैठक में उपस्थित राजिम विधायक श्री रोहित साहू एवं बिन्द्रानवागढ़ के विधायक श्री जनक ध्रुव तथा अन्य सदस्य अधिकारीगण द्वारा सिकासार जलाशय से रबी फसल हेतु पैरी दांयी तट मुख्य नहर से 2625 हेक्टेयर एवं लघु जलाशय से 838 हेक्टेयर क्षेत्र में पानी दिये जाने की सहमति व्यक्त की गई। सिकासार जलाशय से रबी फसल, राजिम मेला एवं निस्तारी हेतु 1 जनवरी 2024 से निरंतर पानी प्रदाय किया जा रहा है।

पैरी दांयी तट नहर से गरियाबंद जिले के छुरा एवं फिंगेश्वर विकासखण्ड के 14 ग्रामों के 19 तालाबों एवं धमतरी जिले के मगरलोड़ विकासखण्ड के 28 ग्रामों के 49 तालाबों में निस्तारी हेतु पानी भरा गया है।

### ऑनलाइन अहाता आबंटन 10 मई को

**महासमुंद 10 मई ।** वर्ष 2024-25 के लिए देशी, विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों के अनुज्ञप्त परिसर से संलग्न अहातों के लिए अनुज्ञप्तियों के ऑनलाईन आबंटन के लिए 12 अप्रैल से 25 अप्रैल 2024 तक ऑनलाईन निविदा आमंत्रित किए गए थे तथा अनुज्ञप्तिधारी के चयन की तिथि 26 अप्रैल 2024 एवं 29 अप्रैल 2024 नियत की गई थी। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि प्रदेश में लोकसभा निर्वाचन का कार्य 7 मई 2024 तक प्रक्रियाधीन होने के कारण तिथि में संशोधित करते हुए महासमुंद जिले के लिए निविदाकारों का चयन 10 मई 2024 को प्रातः 11:00 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में किया जाएगा।

## पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने अधिकारियों को दी समझाईश



**बीजापुर, 9 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** कलेक्टर श्री अनुराग पाण्डेय ने समय-सीमा की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अनुकम्पा नियुक्ति सम्बन्धित जानकारी तत्काल प्रदाय करने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान अनुकम्पा नियुक्त लाभार्थियों के लिए यदि नौकरी नहीं करना चाहते हो तो एक मुश्त राशि 15 लाख रुपए प्राप्त कर सकते हैं यह केवल तृतीय और चतुर्थ वर्ग के अनुकम्पा नियुक्त लाभार्थी के लिए लागू है उक्त जानकारी कलेक्टर श्री पाण्डेय ने साझा किया। वहीं जिले में ग्रीष्मकालीन पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने, सोलर ड्यूल पम्पों तथा हैण्डपम्पों का समुचित संधारण करने सहित जल प्रदाय योजनाओं का सुचारू रूप से संचालन करने एवं जरूरत के अनुरूप सोलर ड्यूल पम्पों, हैण्डपम्पों का सुधार करने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए। वहीं स्कूल शिक्षा विभाग को समर कैम्प से संबंधित जानकारी पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रायः निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता केन्द्र में अनुपस्थित रहते हैं आगामी निरीक्षण में अनुपस्थित पाये जाने पर उनके संबंधित अधिकारी पर कार्रवाई कि जाएगी तथा आंगनबाड़ी, स्कूल में खाना बनाने वाले रसाईयों का आई डी कार्ड बनाने तथा साफ सुथरा कपड़ा पहनने, स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिया गया। वहीं खाद-बीज से संबंधित अधिकारी को दुकानें में निर्धारित दर से अधिक दर पर विक्रय की शिकायत मिलने पर छापा मार कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री हेमंत रमेश नंदनवार, डीएफओ श्री रामाकृष्णा वाय, उप निर्देशक इन्द्रावती श्री संदीप बल्गा, संयुक्त कलेक्टर श्री कैलाश वर्मा एसडीएम बीजापुर श्री जागेश्वर कौशल जिला शिक्षा अधिकारी श्री रमेश निषाद, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास श्री केएस मसराम, डिप्टी कलेक्टर श्री नारायण प्रसाद गवेल, विकास सर्वे, दिलीप उईके, उत्तम सिंह पंचारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री बीआर पुजारी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी का जताया आभार

**रायगढ़, 9 मई।** कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने रायगढ़ जिले में लोकसभा निर्वाचन के लिए 07 मई शांतिपूर्वक मतदान संपन्न होने पर सभी मतदाताओं और निर्वाचन कार्य के सफल संपादन में भूमिका निभाने वाले सभी सहयोगियों का आभार जताया है। कलेक्टर श्री गोयल ने मतदान की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात अपने आभार संदेश में कहा है कि निर्वाचन की प्रक्रिया जन जन से जुड़ी होती। सभी की इसमें प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष भूमिका होती है। रायगढ़ जिले में सभी ने अपने दायित्वों का कुशलता पूर्वक निर्वहन किया जिसके फलस्वरूप रायगढ़ जिले ने मतदान में नया कीर्तिमान रचते हुए पूरे प्रदेश में सर्वाधिक मतदान का रिकॉर्ड बनाया है। कलेक्टर श्री गोयल ने सभी मतदाताओं के प्रति विशेष रूप से आभार प्रकट किया। इसके साथ मतदान संपन्न कराने वाले अधिकारी कर्मचारी और मतदान दलों को भी उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि सभी ने इस महती जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी सजगता और गंभीरता से किया। जिससे मतदान के दौरान कहीं पर भी कोई समस्या नहीं हुई। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि जिला प्रशासन ने मौसमी चुनौतियों को देखते हुए मतदाताओं और मतदान दलों के लिए यथासंभव सुविधाएं प्रदान करने का प्रयास किया। उन्होंने स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से मतदाता जागरूकता में अपनी सक्रिय सहभागिता निभाने वाले स्कूल और कॉलेज के सभी विद्यार्थियों व उनके शिक्षकए एनसीसीए एनएसएसए स्काउट गाइड के सदस्यों सहित सभी का आभार जताते हुए कहा कि आप सभी के प्रयास से मतदान के महत्व और संकल्प का संदेश जन जन तक पहुंचा। उन्होंने सुरक्षा कार्य में लगे पुलिस और सुरक्षा बलों को भी मतदान के दौरान उनके अनवरत सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा में लगे जवानों के सहयोग से मतदान का पूरा कार्य व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराया जा सका। इसके साथ सभी मतदान केंद्रों में मतदाताओं की सुविधा और सहयोग के लिए तैनात कर्मचारियों व मतदान वितरण स्थल में भोजन व साफ सफाई व्यवस्था में लगे सभी कर्मचारियों को भी उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया है।मीडिया के साथियों का जताया आभार-कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने मीडिया के सभी साथियों का निर्वाचन संबंधी महत्वपूर्ण सूचनाओं और जानकारियों को जन जन तक पहुंचाने के लिए विशेष रूप से आभार जताया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन संबंधी सूचनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने और जिले में चुनाव के दौरान कोई भ्रामक खबर या अफवाह को फैलने से रोकने में जिला प्रशासन को मीडिया का बेहतर सहयोग मिला।

## विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया




रायगढ़, 9 मई। रेडक्रॉस के जनक सर हेनरी ड्यूनॉट के जन्म दिवस पर 8 मई को विश्व रेडक्रॉस दिवस का आयोजन कार्यालय भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा रायगढ़ में किया गया। कार्यक्रम के आरंभ डॉ.बी.के.चन्द्रवंशी सचिव/मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा रायगढ़ एवं डॉ.एच.एस. उरांव प्रभारी अधिकारी एवं उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा सर हेनरी ड्यूनॉट एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना से किया गया। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित श्री संतोष अग्रवाल पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक सदस्य रेडक्रॉस रायगढ़ द्वारा रेडक्रॉस रायगढ़ की मानव कल्याणकारी कार्यो की जानकारी दी। डॉ.उरांव ने रक्तदान शिविर, जिला दिव्यांगजन पुर्नवास का संचालन, आशा निकेतन वृद्धाश्रम का संचालन, निःशुल्क ऑक्सीजन सिलेण्डर, व्हील चेयर, एअर बेड, वाटर बेड की आदि रेडक्रॉस द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी एवं सदस्यता अभियान पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर श्री मुकेश शर्मा प्रबंधक रेडक्रॉस मेडिकल स्टोर, डी.पी.एम.सुश्री रंजना पैंकरा, बायोमेडिकल इंजी. नीतिराज सिंह, श्री आर.के.दुबे, लेखापाल श्री गिरिजाशंकर प्रधान एवं श्री चन्द्रमणी गुप्ता उपस्थित रहे।

## प्रतिबंधित नशीली दवा के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार



**बीजापुर, 9 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता) ।** दिनांक 07.05.2024 को मुखबीर सूचना पर तहसीलपारा का रहने वाला कैलाश दुर्गम एवं रविन्द्र परकी अपने मोटर सायकल एच एफ सी डी. डिलक्स क्रमांक छ्त्त-18-छ्व-8913 में नशीली दवा रखकर बिक्री करने के आशय से भैरमगढ़ से बीजापुर की ओर आने की सूचना पर बीजापुर आयुष मेडिकल स्टोर के पास से संदिग्धों को पकड़ा गया ।पकड़े गये व्यक्तियों के कब्जे से Pyeevon spas plus कैप्सूल नशीली दवा ट्रामाडोल (प्रतिबंधित विनिर्मित औषधि) कैप्सूल मिला । संदेहियों से उपरोक्त नशीली दवा रखने व परिवहन करने के संबंध में वैध दस्तावेज पेश करने नोटिस दिया गया। जवाब में संदेहियों आरोपियों ने उपरोक्त नशीली दवाई रखने व परिवहन करने कोई भी वैध दस्तावेज लिखित में नहीं होना बताये। मौके पर ही उपस्थित गवाहों के समक्ष विधि अनुसार बरामदगी पंचनामा तैयार कर मौके पर जप्त कर सीलबंद कर पंचनामा तैयार किया गया । थाना बीजापुर में उपरोक्त के विरूद्ध NDPS Act की सुसंगत धाराओं में वैधानिक कार्यवाही उपरान्त माननीय न्यायालय पेश किया गया ।

### सभी की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम को किया गया सील

**रायगढ़, 9 मई।** लोकसभा निर्वाचन-2024 के तीसरे चरण में 7 मई को रायगढ़ संसदीय क्षेत्र क्रमांक 02 में मतदान प्रक्रिया संपन्न होने के पश्चात रायगढ़ जिले के 4 विधानसभाओं के ईवीएम, वीवीपैट मशीनों के जमा करने का सिलसिला गढ़उमरिया स्थित केआईटी कालेज परिसर में चलता रहा। तत्पश्चात आज चारों विधानसभाओं के मशीनों को स्ट्रांग रूम में सील किया गया। इस अवसर पर सामान्य प्रेक्षक डॉ.अंशज सिंह, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल, पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम श्री सुनील कुमार चंद्रवंशी, एसडीएम रायगढ़ श्री प्रवीण तिवारी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि जिले के चारों विधानसभा क्षेत्र लैलूंगा, रायगढ़, खरसिया एवं धरमजयगढ़ के लिए विधानसभा वार ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के लिए गढ़उमरिया स्थित केआईटी कालेज रायगढ़ में स्ट्रांग रूम बनाए गए हैं। वहीं स्ट्रांग रूम की चौबीस घंटे सुरक्षा के लिए सुरक्षा बल के जवान तैनात किए गए है। सभी विधानसभा क्षेत्र के स्ट्रांग रूम सुरक्षा हेतु दरवाजे पर सुरक्षा बल के अलावा सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए है। सुरक्षा की मॉनिटरिंग हेतु कक्ष बनाए गए है। जहां से सभी स्ट्रांग रूम की निगरानी की जा रही है।

4 जून को होगी मतगणना-लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत 7 मई को हुए मतदान के पश्चात सभी ईवीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम में सील कर दिया गया है।

# पूरे राज्य में सबसे ज्यादा 81.60 फीसदी मतदान रायगढ़ जिले में



रायगढ़, 9 मई। लोकसभा निर्वाचन-2024 में रायगढ़ जिले में रिकॉर्ड तोड़ वोटिंग हुई है। रायगढ़ जिला मतदान प्रतिशत के मामले में पूरे प्रदेश में शीर्ष में रहा। रायगढ़ जिले में 81.60 प्रतिशत मतदान हुआ। जो प्रदेश के सभी जिलों में सबसे अधिक है। वहीं पूरे छत्तीसगढ़ के टॉप मतदान प्रतिशत वाले विधानसभा की लिस्ट में पहले स्थान पर रायगढ़ का धरमजयगढ़ और दूसरे स्थान पर लैलूंगा विधानसभा रहा। धरमजयगढ़ में 84.61 प्रतिशत वोटिंग हुई और लैलूंगा में 84.26 प्रतिशत मतदान हुआ है। खरसिया में 83.56 प्रतिशत वोटिंग हुई, सूची में खरसिया चौथे स्थान पर रहा। पिछले लोकसभा में रायगढ़ जिले में 79.46 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। इस लिहाज से रायगढ़ जिले में इस बार 2.14 फीसदी वोटिंग ज्यादा हुई है। सभी विधानसभाओं में मतदान का प्रतिशत बढ़ा है।

बड़ी कार्ययोजना के सफल होने में माइक्रो मैनेजमेंट का बड़ा हाथ होता है। इसी माइक्रो मैनेजमेंट ने रायगढ़ में मतदान को लेकर एक नई इबारत लिखी गई। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल और पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल के नेतृत्व में पूरे प्रशासनिक अमले ने जिले में अधिक से अधिक मतदान के लिए लोगों को प्रेरित किया। सीईओ जिला पंचायत व स्वीप नोडल श्री जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम चलाए गए। जिसका परिणाम रहा कि जिले में पिछले चुनाव के मुकाबले मतदान प्रतिशत में 2.14 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत रायगढ़ संसदीय क्षेत्र में 14 लाख 49 हजार 673 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इनमें 7 लाख 17 हजार 164 पुरूष मतदाता, 7 लाख 32 हजार 485 महिला मतदाता एवं 24 थर्ड जेंडर शामिल हुए। पूरे रायगढ़ लोकसभा में मतदान का आंकड़ा 78.85 प्रतिशत रहा। मतदान प्रतिशत के मामले में रायगढ़ लोकसभा सरगुजा के बाद दूसरे स्थान पर रहा।

### कंट्रोल रूम में अधिकारियों ने सुबह 5 बजे से संभाला मोर्चा, मतदान समाप्ति तक चलती रही मॉनिटरिंग

पूरे मतदान प्रक्रिया की मॉनिटरिंग के लिए कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में वेबकास्टिंग से मतदान केंद्रों की मॉनिटरिंग के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया था। सुबह 05 बजे से ही यहां कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल, सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव और उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजीव कुमार पांडेय ने मोर्चा संभाल लिया। यहां से पूरे दिन भर जिले में मतदान को लेकर मॉनिटरिंग की गई। हर एक मतदान केंद्र को फोकस किया गया। जहां समस्याएं आई तत्काल उनका निराकरण किया गया। रियल टाइम में फील्ड से जानकारी लेकर उसके समाधान के लिए सेक्टर ऑफिसर्स को निर्देशित किया गया। सुबह 05 बजे से देर शाम मतदान समाप्ति तक सभी अधिकारी कंट्रोल रूम से मतदान की निगरानी करते रहे।

### रायगढ़ लोकसभा में विधानसभावार मतदान प्रतिशत

लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत रायगढ़ संसदीय क्षेत्र का कुल 78.85 मतदान प्रतिशत रहा। जिसमें विधानसभावार विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 12-जशपुर में मतदान 75.44 प्रतिशत रहा। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 13-कुनकुरी में मतदान 77.20 प्रतिशत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 14-पत्थलगांव में मतदान 77.96 प्रतिशत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 15-लैलूंगा में मतदान 84.26 प्रतिशत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 16-रायगढ़ में मतदान 75.45 प्रतिशत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 17-सारंगढ़ में मतदान 74.66 प्रतिशत, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 18-खरसिया में मतदान 83.54 प्रतिशत तथा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 19-धरमजयगढ़ में मतदान का प्रतिशत 84.61 रहा।

### विधानसभावार मतदाताओं की संख्या

विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 12-जशपुर में 01 लाख 80 हजार 89 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 89 हजार 902 पुरूष मतदाता एवं 90 हजार 181 महिला मतदाताओं ने मतदान किया, जिसमें 6 तृतीय लिंग शामिल थे।

इसी तरह विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 13-कुनकुरी में 01 लाख 58 हजार 841 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 76 हजार 825 पुरूष मतदाता एवं 82 हजार 15 महिला मतदाता एवं 01 तृतीय लिंग शामिल थे। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 14-पत्थलगांव में 01 लाख 77 हजार 257 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 86 हजार 212 पुरूष मतदाता एवं 91 हजार 44 महिला मतदाता एवं 01 तृतीय लिंग शामिल थे। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 15-लैलूंगा में 01 लाख 73 हजार 857 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 86 हजार 423 पुरूष मतदाता एवं 87 हजार 434 महिला मतदाता शामिल हुए। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 16-रायगढ़ में 01 लाख 98 हजार 17 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 01 लाख 53 पुरूष मतदाता एवं 97 हजार 953 महिला मतदाता एवं 11 तृतीय लिंग शामिल थे। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 17-सारंगढ़ में 01 लाख 99 हजार 394 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 98 हजार 386 पुरूष मतदाता एवं 01 लाख 01 हजार 7 महिला मतदाता एवं 01 तृतीय लिंग शामिल थे। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 18-खरसिया में 01 लाख 81 हजार 121 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 90 हजार 769 पुरूष मतदाता एवं 90 हजार 350 महिला मतदाता एवं 02 तृतीय लिंग शामिल थे। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 19-धरमजयगढ़ में 01 लाख 81 हजार 97 मतदाताओं ने मतदान किया। जिसमें 88 हजार 594 पुरूष मतदाता एवं 92 हजार 501 महिला मतदाता एवं 02 तृतीय लिंग शामिल थे।

**एक नजर**

### स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए सुरक्षा बल तैनात, एसएसबी की निगरानी में रहेगा पूरा परिसर



**बलौदाबाजार, 9 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में लोकसभा मतदान के पश्चात सभी मतपेटियों के आने के बाद रायपुर लोकसभा अंर्तगत बलौदाबाजार भाटापारा सामान्य प्रेक्षक संजय कुमार एवं जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र सामान्य प्रेक्षक के कसडोल विधानसभा प्रतिनिधी रमाकांत दुबे सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारी और सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में जिला मुख्यालय स्थित नवीन मंडी में स्ट्रांग रूम को सील किया गया। स्ट्रांग रूम की कड़ी सुरक्षा के लिए सुरक्षा बल तैनात हैं। सभी विधानसभा क्षेत्र के दरवाजे पर सुरक्षा के जवान तैनात हो गए हैं। स्ट्रांग रूम में विधानसभावार 3 विधानसभा, कसडोल, बलौदाबाजार एवं भाटापारा के हिसाब से अलग-अलग ईवीएम एवं वीवीपैट रखी गई हैं। प्रशासन द्वारा स्ट्रांग रूम को सीसीटीवी की निगरानी में रखा गया है। जिसके लिए मॉनिटरिंग कक्ष बनाया गया है। पूरा परिसर को सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के हवाले कर दिया है। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर आर दुबे, सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारी सहित समस्त लोकसभा क्षेत्र के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

### संजीवनी रक्तदाता संघ ने किया सार्वजनिक प्याऊ घर का उद्घाटन



**तिल्दा-नेवरा, 9 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** तिल्दा नेवरा वार्ड क्रमांक 14 कोटा रोड में संजीवनी रक्तदाता संघ के द्वारा सार्वजनिक प्याऊ घर का उद्घाटन रायपुर यातायात पुलिस प्रशिक्षक टी के भोई के द्वारा विधिवत पूजन कर फीता काट कर किया गया दरसल आज के परिवेश में मुख्य चौक -चौराहों सहित सार्वजनिक स्थलों पर भीषण गर्मी के चलते आम लोंगों की प्यास बुझाने प्याऊ घर देखने को नहीं मिलते हैं। ऐसे में मानवता की मिसाल संजीवनी रक्तदाता संघ तिल्दा नेवरा के द्वारा हर वर्ष किया जाता है संजीवनी रक्तदाता संघ के अध्यक्ष ओम प्रकाश चौहान ने कहा कि प्रचंड गर्मी में लोगों के सुखे कंठ की प्यास बुझाने से बड़ा कोई धर्म व पुण्य नहीं होता। गर्मी में प्याऊ लगाना सबसे बड़ा पुण्य का काम है।गर्मी के मौसम में जलसेवा से बड़ी कोई सेवा नहीं, क्योंकि प्यास के कारण न जाने कितने लोग डिहाईड्रेशन से बीमार व हीट स्ट्रोक से अपनी जान तक गंवा बैठते हैं। हमने एक छोटा सा प्रयास किया है, ताकि सड़को पर भीषण गर्मी में गुजरने वाले राहगीरों को शुद्ध व शीतल पेयजल उपलब्ध हो सकें। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सहायक यातायात प्रशिक्षक मोहित वर्मा, गोविंद वर्मा, संजीवनी रक्तदाता संघ के सदसयगण जनप्रिनिधि गण वार्ड के नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# मतदाताओं में दिखा अभूतपूर्व उत्साह, जिले में 67 प्रतिशत से अधिक मतदान

- **जिले के चारों विधान सभा क्षेत्र के 9 लाख 14 हजार 764 मतदाताओं में से 6 लाख 15 हजार 59 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का किया प्रयोग**
- **महिलाओं की मतदान में रही सक्रिय सहभागिता, 67.03 प्रतिशत महिलाओं ने किया मतदान**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 9 मई।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में बलौदाबाजार भाटापारा जिले के मतदाताओं में मतदान के लिए अभूतपूर्व उल्लास एवं उत्साह रहा। मतदान की प्रकिया पूर्ण करने के पश्चात मतदान दलों की वापसी पूरी हो गई है। जिस स्थान से मतदान सामग्री का वितरण किया गया था, उसी स्थान पर मतदान सामग्री की वापसी आज सुबह 4 बजे तक पूरी हो गई है। मशीनों के जमा करने के साथ ही स्ट्रांग रूम में सीलिंग की प्रक्रिया भी सुबह लगभग 11 बजे पूरी कर ली गई है। इस दौरान सभी आब्जर्वर, सभी प्रत्याशी के प्रतिनिधिगण सहित रिटर्निंग अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त अंतिम आंकड़े अनुसार जिले के दोनों लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत चारो विधानसभा क्षेत्र के 9 लाख 14 हजार 764 मतदाताओं में से 6 लाख 15 हजार 59 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। जिसमें 3 लाख 7 हजार 501 पुरुष, 3 लाख 7 हजार 551 महिला एवं 7 अन्य शामिल है। जो डाले गए मतों में पुरूष मतदाता 67.44 प्रतिशत एवं महिला मतदाता 67.03 प्रतिशत है। इस तरह जिले का मतदान प्रतिशत 67.24 रहा।



जांजगीर चांपा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 44 कसडोल में 2 लाख 36 हजार 118 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जो डाले गए मतों का 64 प्रतिशत है। इसमें 1 लाख 17 हज़ार 798 पुरूष मतदाता एवं 1 लाख18 हजार 320 महिला मतदाताओं ने मतदान किया, जो डाले गए मतों में पुरूष मतदाता 63.88 प्रतिशत एवं महिला मतदाता 64.13 प्रतिशत है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 43 बिलाईगढ़ के 129 मतदान केंद्रों मे 69 हजार 136 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जो डाले गए मतों का 66.59 प्रतिशत है। इसमें 34 हज़ार 183 पुरूष मतदाता एवं 34 हजार 953 महिला मतदाताओं ने मतदान किया, जो डाले गए मतों में पुरूष मतदाता 65.77 प्रतिशत एवं महिला मतदाता 77.41 प्रतिशत है। इसी तरह रायपुर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 45 बलौदाबाजार में 2 लाख 10 हजार 627 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जो डाले गए मतों का 73.24 प्रतिशत है। इसमें 1 लाख 6 हज़ार 73 पुरूष मतदाता एवं 1 लाख 4 हजार 554 महिला मतदाताओं ने मतदान किया, जो डाले गए मतों में पुरूष मतदाता 74.37 प्रतिशत एवं महिला मतदाता 72.13 प्रतिशत है। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 46 भाटापारा में 1 लाख 80 हजार 170 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जो डाले गए मतों का 69.53 प्रतिशत है। इसमें 90 हज़ार 444पुरूष मतदाता एवं 89 हजार 719 महिला मतदाताओं ने मतदान किया, जो डाले गए मतों में पुरूष मतदाता 70.25 प्रतिशत एवं महिला मतदाता 78.82 प्रतिशत है।

### समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की

# विभाग प्रमुखों की मासिक समीक्षा बैठक लेकर कार्रवाई विवरण प्रस्तुत करने के दिए निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 9 मई।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने आज संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतदान के कार्य संपन्न होने के पश्चात् अपने-अपने विभागों के कार्यों में कसावट एवं गति लाने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को आम जनता के हित में शासकीय कार्यों का संपादन पूरी निष्ठा एवं तत्परता के साथ करने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को अपने अधिनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों की प्रत्येक माह मासिक समीक्षा बैठक लेकर इसकी कार्यवाही विवरण भी अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। जिससे कि निर्धारित समयावधि में शासकीय कार्यों का संपादन कर आम जनता को उसका लाभ सुनिश्चित कराई जा सके। चन्द्रवाल ने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत जिले में सफलतापूर्वक मतदान संपन्न कराने के लिए जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों के कार्यों की सराहना की। इसके लिए उन्होंने जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। बैठक में जिला



पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक एवं संयुक्त कलेक्टर अजय किशोर लकड़ा सहित राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर चन्द्रवाल ने विभिन्न विभागों के कार्यों की बारी-बारी से समीक्षा की। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए जिले में निस्तारी एवं पेयजल हेतु समुचित मात्रा में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए। बैठक में चन्द्रवाल ने विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी प्रकरणों का निराकरण शीघ्र सुनिश्चित कराने को कहा। नगरीय निकायों के कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को जिले के सभी नगरीय निकायों में समुचित साफ-सफाई के अलावा पेयजल आदि बुनियादी व्यवस्थाओं को दुरूस्त कराने के निर्देश दिए।

समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा आज आम जनता के हित में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा निर्धारित किए गए लक्ष्य एवं उपलब्धि के संबंध में पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जिले में स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत कुल स्वीकृत पदों के विरूद्ध वर्तमान में उपलब्ध मानव संसाधनों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग में रिक्त पदों की पूर्ति हेतु प्रक्रिया जारी होने की जानकारी भी दी। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत अधोसंरचना से जुड़े कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने अंतर विभागीय समन्वय के कार्यों की भी समीक्षा की।

# जिला ग्रंथालय में जरूरी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी : कलेक्टर



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 9 मई।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि जिला ग्रंथालय बालोद में अध्ययन-अध्यापन हेतु आने वाले लोगों को आवश्यक सुविधा एवं अनुकूल परिवेश प्रदान करने हेतु जिला ग्रंथालय में सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। चन्द्रवाल आज प्रेस क्लब बालोद द्वारा जिला ग्रंथालय में प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े विद्यार्थियों के लिए पाठ्य पुस्तक दान करने के संबंध में आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर अपना उद्गार व्यक्त कर रहे थे। चन्द्रवाल कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों की मांग पर जिला ग्रंथालय में सीसीटीवी कैमरा एवं वाटर कूलर लगाने तथा ई-लाईब्रेरी की व्यवस्था सुनिश्चित कराने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर इंजीनियर ताराचंद साहू के द्वारा छत्तीसगढ़ एवं यूपीएससी सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए जिला ग्रंथालय में हिन्दी एवं अग्रेंजी माध्यम की किताबे भी दान की। कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक जोशी, एसडीएम शीतल बंसल, जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले, प्रेस क्लब बालोद के अध्यक्ष प्रदीप चोपड़ा भी विशेष रूप से उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर चन्द्रवाल ने प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े विद्यार्थियों के लिए पुस्तक दान करने के लिए इंजीनियर ताराचंद साहू का मुक्तकंठ से सराहना करते हुए उनके इस कार्य को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। इसके लिए उन्होंने हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। कलेक्टर चन्द्रवाल ने कहा कि जिला प्रशासन की मंशा है कि जिला ग्रंथालय बालोद में प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े नवयुवकों की संख्या में वृद्धि होनी चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने नगर के नर्सिंग अस्पताल के संचालक डॉ. तारेश रावटे की जिला ग्रंथालय के प्रति योगदान की भी सराहना की। चन्द्रवाल ने जिला ग्रंथालय की व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने तथा जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने की भी बात कही। कलेक्टर ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों से जिला ग्रंथालय में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने जिला ग्रंथालय की व्यवस्था को बेहतर बनाने हेतु योजना बनाने को कहा। जिससे की व्यवस्था में सुधार हेतु आवश्यक कदम उठाई जा सके। इस अवसर पर कलेक्टर चन्द्रवाल ने प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े विद्यार्थियों को इंजीनियर ताराचंद साहू द्वारा दान की गई किताबों की प्रति भेंटकर उन्हें शुभकामनाएं दी। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े सभी युवा-युवतियों को कड़ी मेहनत करते हुए लक्ष्य हासिल कर अपने माता, पिता एवं जिले का नाम रोशन करने को कहा।

इस अवसर पर इंजीनियर ताराचंद साहू तथा नर्सिंग अस्पताल बालोद के संचालक डॉ. तारेश रावटे ने भी अपना अनुभव साझा करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के दौरान आने वाली कठिनाईयों एवं चुनौतियों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन जिला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले ने तथा कार्यक्रम का संचालन प्रेस क्लब बालोद के मीडिया प्रभारी टीकम पिपरिया ने किया। कार्यक्रम में दीपक मित्तल, रूपचंद जैन, टीकम पिपरिया, लक्ष्मण देवांगन, प्रकाश उपाध्याय, शिव जायसवाल, जयकरण परिहार, अखिल साहू, लक्की अरोरा, ग्रंथालय के प्रभारी लोकेंद्र बघेल, बीआरसी बालोद जितेंद्र गजेंद्र सहित प्रेस क्लब के अन्य पदाधिकारी एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# रेडक्रॉस का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं सराहनीय: चन्द्रवाल

## नया बस स्टैण्ड के ऑडिटोरियम में मनाया गया विश्व रेडक्रॉस दिवस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद, 9 मई।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि रेडक्रॉस का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं सराहनीय है। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस सोसाईटी के द्वारा कोरोना काल की विषम परिस्थिति में मरीजों को भोजन, दवाइंया एवं आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने जैसे अनेक पूनीत कार्य किया गया है। इसके अलावा रेडक्रॉस सोसाईटी के सदस्यों के द्वारा निक्षय मित्र बनकर 06 मरीजों को पोषण आहार देने जैसे कार्यों के अलावा स्वच्छता अभियान, यातायात, सड़क सुरक्षा अभियान में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित कर जनहित के कार्यों को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया जाता है। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों को आज 08 मई विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर हार्दिक



बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी। कलेक्टर चन्द्रवाल ने देहदान करने वाली सेवानिवृत्त व्याख्याता एवं रेडक्रॉस सोसाईटी के आजीवन सदस्य कमला वर्मा के कार्यों को अत्यंत अतुलनीय बताते हुए उन्हें हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनके प्रति उन्हें विनम्र आभार व्यक्त किया। कलेक्टर ने कमला वर्मा को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित भी किया।

कार्यक्रम को सीईओ जिला पंचायत डॉ. संजय कन्नौजे एवं इंडियन रेडक्रास सोसायटी जिला बालोद के अध्यक्ष डॉ. एमके सूर्यवंशी ने भी संबोधित कर रेडक्रॉस के कार्यों की भूरी-भूरी सराहना की। कार्यक्रम में विधानसभा आम निर्वाचन 2023 एवं लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान उल्लेखनीय कार्य करने वाले रेडक्रॉस के वालंटियरों को प्रशस्ति पत्र, कीट एवं बैग प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आलोक जोशी एवं एसडीएम शीतल बंसल सहित रेडक्रॉस सोसाईटी के सदस्यों के अलावा अन्य अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा बड़ी संख्या में छात्र-छात्रा उपस्थित थे।

### वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार का ड्यूटी के प्रति लापरवाह आरक्षकों पर चला अनुशासन का डंडा

# अनुशासनहीनता:महिला सहित तीन आरक्षक निलंबित

- **लोकसभा चुनाव मतदान प्रक्रिया में शराब पीकर मतदाताओं से दुर्व्यवहार करने वाले आरक्षक को किया गया निलंबित**
- **पलारी नगर स्थित ढाबा में खाने का बिल देने का नाम पर ढाबा संचालक से मारपीट करने वाला आरक्षक निलंबित**
- **अति महत्वपूर्ण लोकसभा चुनाव-2024 मतदान ड्यूटी से अनुपस्थित महिला आरक्षक को किया निलंबित**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 9 मई।** 8 मई को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार द्वारा ड्यूटी के प्रति लापरवाह एवं अनुशासनहीनता प्रदर्शित करने वाले 03 आरक्षकों को निलंबित कर रक्षित केंद्र बलौदाबाजार सम्बद्ध किया गया है। निलंबन अवधि में तीनों अपचारी आरक्षकों को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा निलंबित आरक्षकों में लोकसभा चुनाव 2024 मतदान जैसे अति महत्वपूर्ण ड्यूटी में अनुपस्थित रहने वाली महिला आरक्षक सहित चुनाव में शराब पीकर मतदाताओं से दुर्व्यवहार करने वाला आरक्षक भी शामिल है। इसके साथ ही ढाबा संचालक से मारपीट करने वाले आरक्षक को भी निलंबित किया गया है।

आरक्षक लोमश साहू थाना पलारी किया गया निलंबित- 5 मई की दोपहर 01:30 बजे थाना पलारी में पदस्थ आरक्षक लोमश साहू अन्य दो लोग महाराज ढाबा पलारी में खाना खाने गए थे, जहां संचालक भरत देवांगन द्वारा खाने का बिल ?490 बताने पर आरक्षक लोमश साहू द्वारा बिल का रकम देने से इनकार कर ढाबा संचालक को गाली गलौज कर मारपीट किया गया। इस प्रकार आरक्षक द्वारा खाने का बिल नहीं देना एवं एक आम नागरिक के साथ गाली-गलौच एवं मारपीट कर अपने कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता प्रदर्शित करते हुए पुलिस की छवि को धूमिल किया गया। अतः आरक्षक क्र. 992 लोमश साहू थाना पलारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए रक्षित केंद्र बलौदाबाजार सम्बद्ध किया जाता है तथा प्रकरण में जांच हेतु प्रणाली वैद्य रक्षित केंद्र बलौदाबाजार को प्राथमिक जांचकर्ता अधिकारी नियुक्त करते हुए, प्रकरण में जांच कर 07 दिवस के भीतर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है।

आरक्षक छत्रपाल सिंह वर्मा थाना सुहेला को किया गया निलंबित- आरक्षक छत्रपाल सिंह वर्मा थाना सुहेला का लोकसभा चुनाव 2024 विधानसभा क्षेत्र क्र. 46 भाटापारा के मतदान केंद्र क्र. 243 नया प्राथमिक शाला भवन राजपूर पुलिस चौकी करहीबाजार में शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने एवं मतदान को सुरक्षित मतदान कराकर वापस लाने व ले-जाने हेतु ड्यूटी लगाया गया था। मतदान जैसे अति महत्वपूर्ण ड्यूटी के दौरान आरक्षक छत्रपाल सिंह द्वारा शराब के नशे में मतदाताओं से दुर्व्यवहार कर आम जनता में पुलिस की छवि को धूमिल किया जाना पाया गया, जो उनके कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता को प्रदर्शित करता है। अतः आरक्षक क्र. 473 छत्रपाल सिंह वर्मा थाना सुहेला को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए रक्षित केंद्र बलौदाबाजार सम्बद्ध किया गया है। प्रकरण में जांच हेतु उषा ठाकुर रक्षित निरीक्षक रक्षित केंद्र बलौदाबाजार को प्राथमिक जांच अधिकारी नियुक्त करते हुए 07 दिवस के भीतर प्राथमिक जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है।

महिला आरक्षक लखेश्वरी कुर्रे को किया गया निलंबित- महिला आरक्षक लखेश्वरी कुर्रे का 6 मई को लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 03, जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्र क्र. 44 सेक्टर क्र. 05 मतदान केंद्र क्र. 90 शुक्लाभाटा थाना सिटी कोतवाली में ड्यूटी लगाई गई थी, कि जोनल पेट्रोलिंग द्वारा मतदान केंद्र चेक करने पर उक्त महिला आरक्षक मतदान केंद्र पर बिना किसी को सूचना दिए अपने कर्तव्य से अनुपस्थित पाई गई। तत्संबंधी सूचना पर्यवेक्षक प्रभारी अधिकारी निधि नाग एसडीओपी बलौदाबाजार को दिया गया, उनके द्वारा संपर्क करने पर, महिला आरक्षक लखेश्वरी द्वारा अनुशासनहीनता पूर्वक वार्तालाप किया गया, जिसकी सूचना रक्षित केंद्र बलौदाबाजार में भी दर्ज की गई है। म


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202405092100018
अ/6 वर्ष 2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शेख इस्माइल पिता शेख अब्दुल जाति मुसलमान, निवासी खुटापारा वार्ड नंबर 01, डोंगरगढ़, तहसील डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम नगरपालिका सीमान्तर्गत नजूल शहर डोंगरगढ़ आजाद वार्ड नंबर 01 खूटापारा, डोंगरगढ़ प.ह.नं. 25 तहसील डोंगरगढ़ स्थित भूमि जिसका शीट क्रमांक 02 भूखण्ड क्रमांक 164/1 (सी) एवं 165/1 (सी) क्षेत्रफल 21×18-378 वर्गफुट/35.13 वर्गमीटर भूमि को विक्रेता के द्वारा क्रेता के पक्ष में पंजीयन दिनांक 12/03/2004 को डोंगरगढ़ पंजीयन कार्यालय में विधिवत् पंजीयन किया गया था। उपरोक्त विक्रय/क्रय शुदा भूमि का प्रमाणीकरण (नामांतरण) आवेदक/क्रेता-शेख इस्माइल के नाम पर किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 29/05/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं। नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंगरगढ़ (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार लाल बहादुर नगर के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202405094500014**

विषय:-ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन:- 2023-2024

डुंडेरा प.ह.न. 00018 [ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- पद्मा तोषनीवाल,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका पद्मा तोषनीवाल पति श्री विनोद तोषनीवाल, निवासी विधानसभा रोड़, रायपुर द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि, आवेदिका के नाम से ग्राम डुंडेरा, तहसील लाल बहादुर नगर, जिला राजनांदगांव अंतर्गत स्थित भूमि खसरा नंबर 226/5 रकबा 0.125 हे. भूमि स्थित है, जिसका ऋण पुस्तिका भाग-1 एवं भाग-2 दिनांक 03.04.2024 के आस-पास चौखड़िया पारा तहसील व जिला राजनांदगांव में रिश्तेदारों के यहां असावधानीवश गुम हो गया है, जिसे आवेदिका द्वारा बहुत खोज-बीन किया गया, लेकिन कही प्राप्त नही हुआ। अतः आवेदिका द्वारा डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 22.05.2024 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07/05/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — **तहसीलदार लाल बहादुर नगर**

**न्यायालय तहसीलदार लाल बहादुर नगर के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202405094500006**

विषय:-ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्:- 2023-2024

डुंडेरा प.ह.न. 00018 [ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण
आवेदक पक्षकार-
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

आवेदक दशरथ पिता देवलाल, जाति सोनार, निवासी खुंटापारा वांर्ड नंबर 01, डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि, आवेदक के नाम से ग्राम डुंडेरा, तहसील लाल बहादुर नगर, जिला राजनांदगांव अंतर्गत स्थित भूमि खसरा नंबर क्रमशः 220/10, 228/5, रकबा 0.061, 0.061हे. भूमि स्थित है, जिसका ऋण पुस्तिका भाग-1 एवं भाग-2 गुम हो गया है, जिसे आवेदक द्वारा बहुत खोज-बीन किया गया, लेकिन कही प्राप्त नहीं हुआ। अतः आवेदक द्वारा डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 22.05.2024 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07/05/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — **तहसीलदार लाल बहादुर नगर**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 202404092100078
अ/6 वर्ष 2023-24

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि, अनावेदकगण के अधिकार एवं स्वामित्व की नजूल शहर कालकापारा, वार्ड नंबर 10, डोंगरगढ़ शीट क्रमांक 07, भूखण्ड क्रमांक 2261/1 क्षेत्रफल 345 वर्गफुट भूमि मय मकान स्थित है उक्त भूमि मय मकान को पंजीकृत विक्रयपत्र के माध्यम से दिनांक 11/03/2024 को अनावेदक द्वारा आवेदक को विक्रय किया गया है तथा विक्रय की सम्पूर्ण राशि अनावेदकगण द्वारा आवेदक से प्राप्त कर लिया गया है। नजूल शहर स्थित उपरोक्त भूमि मय मकान पर से अनावेदक का नाम विलोपित कर आवेदक का नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 15/5/2024 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29/4/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी (रा.) डोंगरगढ़ (छ.ग.)**

## एक नजर

### शादी कार्यक्रम में युवक से मारपीट

रायपुर, 9 मई। नंदी चौक के ग्राम तिल्दाड़ी में 7 लोगों ने शादी कार्यक्रम में नाचने के दौरान दो लोगों से मारपीट करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया मेनिका मानिकपुरी 28 वर्ष ग्राम तिल्दाड़ी की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत कि उसके देवर के शादी में नाचने के दौरान आरोपी नकुल साहू, कुलेश्वर यादव व अन्य 5 लोगों ने एक राय होकर राहुल व सतीश से गाली-गलौज कर मारपीट किए। प्रार्थिया की शिकायत पर खरोरा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 147 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सूने मकान से नकदी सहित लाखों के जेवर पार

रायपुर, 9 मई। लाविस्टा कालोनी के मकान नंबर 120 के सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने आलमारी में रखे सोने-चांदी का जेवर व नकदी रकम पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सुनील धुप्पड़ 49 वर्ष रामकुंड आजाद चौक का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि उसका बड़ा भाई मनीष धुप्पड़ अमलीडीह स्थित लाविस्टा कालोनी के मकान नंबर 120 में रहता है। वह 1 मई से अपने परिवार के साथ बाहर गया हुआ है। जब पड़ोसियों ने ताला टूटे होने की जानकारी मनीष को दी तो उसने इसकी जानकारी प्रार्थी को दी। जिससे प्रार्थी ने जाकर देखा तो आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर सहित नकदी रकम गायब था। चोरी गए जुमला कीमती करीब 6 लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### युवक की पिटाई

रायपुर, 9 मई। महोबाबाजार आमानाका में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी विशाल तांडी 32 वर्ष कुकुरबेड़ा सरस्वती नगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि महोवाबाजार आमानाका में आरोपी विशाल तांडी ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर आमानाका पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### प्रदेश में बारिश के आसार



रायपुर, 9 मई। आज भीषण गर्मी के बीच बारिश की संभावना बनी हुई है। राजधानी रायपुर समेत प्रदेश के कई इलाकों में सुबह से ही बादल छाए हुए हैं। साथ ही बारिश की संभावना बनी हुई है। राजधानी रायपुर समेत प्रदेशभर में सुबह से ही बादल छाए हुए हैं। साथ ही बारिश की संभावना भी बनी हुई है। मौसम एक्सपर्ट का कहना है कि समुद्र तल से नमी हवाओं का आगमन होने से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। आगामी दो दिनों तक प्रदेश के एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ वज्रपात और अंधड़ चलने की संभावना है। इससे प्रदेश में दो से तीन डिग्री तक अधिकतम तापमान में गिरावट होने की भी संभावना है। डोंगरगढ़ का अधिकतम तापमान 39.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान डोंगरगढ़ का रहा, एआरजी डोंगरगढ़ का अधिकतम तापमान 39.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है. मौसम विभाग का कहना है कि 10 मई के बाद फिर से मौसम का मिजाज बदलेगा और तापमान बढ़ने के साथ ही गर्मी भी बढ़ेगी। बुधवार सुबह से ही रायपुर सहित प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में आंशिक रूप से बादल छाए रहे, साथ ही ठंडी हवाएं भी चली. दोपहर में तेज धूप के साथ ही ठंडी हवाओं का प्रभाव रहा. रायपुर का अधिकतम तापमान 36.5 डिग्री और न्यूनतम तापमान 21.7 डिग्री दर्ज किया गया है. अधिकतम और न्यूनतम दोनों ही सामान्य से 5 डिग्री कम रहे।

### सरेआम शराब पीते 10 पकड़ाए

रायपुर, 9 मई। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार गोलबाजार पुलिस ने शास्त्री बाजार के पास सरेआम शराब पीते आरोपी फिरतूराम ध्रुव 56 वर्ष, रवि नायक 50 वर्ष व कलश सोनी 34 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं मोवा पुलिस ने आरोपी सुनील कुमार श्रीवास 33 वर्ष, संदीप साहू 32 वर्ष, ठाकुर राम यादव 34 वर्ष व अकरम खान 39 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह विधानसभा पुलिस ने आरोपी जोगी धृतलहरे 40 वर्ष व नरेश डहरिया 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं धरसींवा पुलिस ने आरोपी योगेश कुमार साहू 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# छग के हरा सोना पर बेमौसम बारिश की मार

- एर्राबोर सहित दक्षिण बस्तर में तेंदूपत्ता की क्वालिटी पर असर
- 25 दिन चलेगा संग्रहण का कार्य

■ मुख्य नगरसंवाददाता

रायपुर, 9 मई। प्रदेश में हो रही बेमौसम वर्षा के कारण तेंदूपत्ता की क्वालिटी एवं संग्रहण का कार्य प्रभावित हो रहा है। दक्षिण बस्तर के अंतर्गत आने वाले बीजापुर, सुकमा तथा दंतेवाड़ा में उच्च क्वालिटी वाले तेंदूपत्ता की स्थिति खराब हो गई है।

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राज्य में 16 लाख मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य तय किया गया है। 900 से अधिक सहकारी समितियों के माध्यम से इसका संग्रहण गत 30 अप्रैल से शुरू कर दिया गया है। लेकिन बेमौसम वर्षा के कारण तेंदूपत्ता सूख नहीं पा रहा है। वहीं इसकी गुणवत्ता भी खराब हो गई है। बस्तर का हरा सोना कहे जाने वाले तेंदूपत्ता की अच्छी क्वालिटी एर्राबोर में पाई जाती है। यहां प्रति मानक बोरा का रेट सबसे ज्यादा आता है। दंतेवाड़ा एवं सुकमा की तेंदूपत्ता की डिमांड सबसे ज्यादा है। इसकी बिक्री एडवांस टेंडर के माध्यम से की जाती है। छत्तीसगढ़ में तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य 25 दिन से अधिक समय तक चलेगा। कोरबा के पश्चात बैकुंठपुर जिले की भी तेंदूपत्ता की डिमांड ज्यादा है। गरियाबंद जिले में बेमौसम वर्षा का सर्वाधिक असर पड़ा है। यहां पर तेंदूपत्ता खराब हो गया है। ज्ञात रहे तेंदूपत्ता की छोपाई के बाद तोड़ाई का काम चलता है। प्रत्येक गड्डी मं 50 पत्ता लगाकर इसे सुखाया जाता है। इसके पश्चात इसके संग्रहण का कार्य होता है।

#### पश्चिम बंगाल व तमिलनाडु में सर्वाधिक मांग

छत्तीसगढ़ के तेंदूपत्ता की सर्वाधिक मांग पश्चिम बंगाल में है। पश्चिम बंगाल के ठेकेदार स्थानीय श्रमिकों की सहायता से संग्रहण का कार्य करते है। गोंदिया (महाराष्ट्र) के तेंदूपत्ता व्यापारी अपने साथ श्रमिकों को भी लेकर आते हैं जो कि फड़ इकट्ठा करने का काम करते हैं। यह क्षेत्र नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में आता है। मानपुर-मोहला से होकर बस्तर आने वाले व्यापारियों को सबसे ज्यादा खतरा रहता है। वन विभाग को करीब इससे 1000 करोड़ का राजस्व मिलने की उम्मीद है। बताया जाता है कि मध्यप्रदेश में एमआरपी कम होने के कारण छग का तेंदूपत्ता नहीं बिक पा रहा है।



#### नक्सल आतंक का साया

वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार नक्सल आतंक का साया होने के कारण पुलिस की व्यापक व्यवस्था किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। वन विभाग में वनमंडलाधिकारी, सहायक वनमंडलाधिकारी, वन परिक्षेत्राधिकारी, वनपाल की भी ड्यूटी लगाई गई है। तेज गर्मी पड़ने पर पत्ते अच्छे से सूखते हैं। छत्तीसगढ़ के पत्तों से बीड़ी, तंबाकू एवं अन्य उत्पादन बनाने का कार्य किया जाता है। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार दक्षिण बस्तर का क्षेत्र नक्सल प्रभावित क्षेत्र है इसलिए नक्सली यहां पर ठेकेदारों से अवैध वसूली करते हैं। इसके लिए पुलिस के इंतजाम किए जा रहे हैं।

अक्षय तृतीया



रायपुर, 9 मई। अक्षय तृतीया पर बच्चे घरों में विवाह मंडप बनाकर गुड्डा-गुड़िया की शादी रचाएंगे। इसके लिए बाजारों में पुतरा-पुतरी की अच्छी बिक्री हो रही है।

# नीट परीक्षा में लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

## संजारी बालोद की विधायक संगीता सिन्हा ने राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन

■ मुख्य नगरसंवाददाता

रायपुर, 9 मई। नेशनल एलिजिबिलिटी एन्ट्रेस टेस्ट एजेंसी द्वारा गत दिनों बालोद में आयोजित नीट की परीक्षा में लापरवाही के लिए दोषी अधिकारी-कर्मचारियों पर कार्रवाई करने के लिए विधायक संगीता सिन्हा ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में परीक्षा पुनः आयोजित करने की मांग की गई है।

बालोद जिले के संजारी बालोद की विधायक श्रीमती संगीता सिन्हा ने बताया कि गत दिनों इंजीनियरिंग एवं मेडिकल में प्रवेश हेतु आयोजित लिखित परीक्षा में बालोद, कांकेर, दल्ली राजहरा के करीब 400 बच्चे शामिल हुए थे। यह परीक्षा नेशनल एजेंसी द्वारा ली जाती है। इसके लिए स्थानीय शिक्षकों को प्रशिक्षण भी दिया गया था। लेकिन पहला सेट देने के बजाय इन शिक्षकों ने दूसरा सेट दे दिया। बाद में गलती होने पर छात्रों को अतिरिक्त समय भी नहीं दिया गया। विधायक ने राज्यपाल से मांग की है कि इससे छात्रों का समय बर्बाद हुआ है। इस पूरे घटनाक्रम की जांच कर दोषी लोगों पर कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर कांग्रेस महामंत्री सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

#### प्रशिक्षु आईएएस मिले राज्यपाल से

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से आज छत्तीसगढ़ के प्रशिक्षु आईएएस अफसर मिले। इस अवसर पर एकेडमी की महानिदेशक भी उपस्थित थीं। आईएएस अधिकारियों से राज्यपाल ने कहा कि वे स्थानीय, भौगोलिक परिस्थितियों के अनुसार निर्णय लें। जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करें। राज्यपाल से आज कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति गिरीश चंदेल, अटल बिहारी बाजपेयी केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति बाजपेयी एवं रविशंकर विवि के कुलपति सच्चिदानंद शुक्ल भी मिले। विवि में चल रही शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में राज्यपाल को जानकारी दी गई। राज्यपाल सभी विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति होते हैं।

# संजय अलंग ने बिलासपुर में निर्माणाधीन आयुक्त कार्यालय का किया निरीक्षण

- डॉ. अलंग रायपुर एवं बिलासपुर के प्रभारी कमिश्नर

■ मुख्य नगरसंवाददाता

रायपुर, 9 मई। रायपुर संभाग आयुक्त संजय अलंग वर्तमान में बिलासपुर के आयुक्त के अतिरिक्त प्रभार पर हैं। उन्होंने आज बिलासपुर के कोनी में बन रहे आयुक्त कार्यालय के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

मिली जानकारी के अनुसार बिलासपुर में संभाग आयुक्त कार्यालय पृथक से नहीं बना है। वर्तमान में यह कार्यालय कंपोजिट बिल्डिंग मं चल रहा है। राज्य शासन द्वारा यहां पर कोई पृथक से आयुक्त नियुक्त नहीं किया गया है। रायपुर संभाग के आयुक्त संजय अलंग अतिरिक्त प्रभार पर हैं। आज वे बिलासपुर दौरे पर पहुंचे। कोनी में निर्माणाधीन संभाग कार्यालय का अवलोकन किया। यह भवन दो एकड़ में बन रहा है जिसकी कुल लागत 12 करोड़ रुपए आएगी। संभाग आयुक्त ने इसका निर्माण शीघ्र करने के लिए कहा है। ज्ञात रहे बिलासपुर में कार्यरत संभाग आयुक्त श्रीमती सीता राजपूत को मंत्रालय स्थित वन विभाग में तैनात कर यिदा गया है। फिलहाल यहां पर नए कमिश्नर की नियुक्ति नहीं की गई है। लोकसभा चुनाव के कारण अभी नई पदस्थापनाएं नहीं हो पा रही है। नई दिल्ली से शीघ्र वरिष्ठ आईएएस अधिकारी ऋचा शर्मा लौट रहीं हैं। वे स्वास्थ्य विभाग का प्रभार देखेंगीं। इसके पहले सोनमणि बोरा यहां आकर अपनी ज्वाइनिंग दे चुके हैं। शीघ्र ही एक प्रशासनिक सर्जरी की जाएगी। इसके लिए मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से अनुमोदन लेना पड़ेगा।

आयोग ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को आईएएस के पदस्थापना के संबंध में सीधा अधिकारी सौंप दिया है। चुनाव के समय सीईओ की अनुशंसा पर कलेक्टर तथा एसपी पर भी सीधी कार्रवाई की जा सकती है। छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में चुनाव सम्पन्न हो चुके हैं। अब 4 जून को मतों की गणना होगी। एक जून से मतगणना दलों को प्रशिक्षण देने का कार्यक्रम बनाया जा रहा है।



# कंगाले ने व्यक्त किया आभार

रायपुर, 9 मई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने प्रदेश में लोकसभा आम निर्वाचन-2024 में अपनी सहभागिता प्रदान करने वाले सभी अधिकारियों, कर्मचारियों, शासकीय एवं अशासकीय संगठनों, लोकसेवी संस्थाओं और मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक अपने मताधिकार का प्रयोग किया और लोकतांत्रिक व्यवस्था में अपनी सहभागिता दी। उन्होंने निर्वाचन कार्य में संलग्न एवं नियोजित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। श्रीमती कंगाले ने केन्द्रीय सुरक्षा बलों और राज्य पुलिस बल के प्रति भी आभार व्यक्त किया है जिन्होंने स्वतंत्र एवं निष्पक्ष निर्वाचन कराने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। उन्होंने प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया के सभी पत्रकारों के प्रति आभार व्यक्त किया जिन्होंने आम निर्वाचन के दौरान निर्वाचन से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा-निर्देशों एवं निर्वाचन गतिविधियों के प्रभावी प्रचार-प्रसार के साथ ही मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित किया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती कंगाले ने मतदाताओं को जागरुक और मतदान के लिए प्रेरित करने वाले सभी लोगों, शासकीय एवं गैर शासकीय प्रतिभागियों, विभिन्न लोक सेवी संस्थाओं और संगठनों के प्रति भी आभार व्यक्त किया है।


# मुख्यमंत्री साय व शिक्षा मंत्री बृजमोहन ने दी बधाई

रायपुर, 9 मई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज जारी हुए दसवीं और बारहवीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम पर सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। उन्होंने दसवीं की टॉपर छात्रा सिमरन शब्बा और बारहवीं की टॉपर छात्रा महक अग्रवाल को बधाई देते हुए उनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना की। श्री साय ने असफल विद्यार्थियों से निराश नहीं होने, निरंतर मेहनत करते रहने की बात कही।



अपने सोशल मीडिया हैंडल-में बधाई संदेश में उन्होंने लिखा है कि-शाबाश बेटियों। दसवीं-बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बिटिया सिमरन शब्बा और महक अग्रवाल को बहुत-बहुत बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं। परीक्षा में उत्तीर्ण सभी बच्चों, अभिभावकगण एवं शिक्षकों को मेरी शुभकामनाएं और जिन बच्चों के परिणाम उम्मीद के मुताबिक नहीं आए उनको निराश नहीं होना है। निरंतर मेहनत करते रहें, भविष्य में और बेहतर करने के कई मौके मिलेंगे। एक दिन सफलता जरूर आपके कदम चूमेगी।

स्कूल शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हाई स्कूल तथा हायर सेकेंडरी परीक्षा में उत्तीर्ण सभी परीक्षार्थियों को स्नेहपूर्ण शुभकामनाएं दी।इस वर्ष हाई स्कूल में 75.61 प्रतिशतऔर हायर सेकेंडरी में 80.74 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। शिक्षा मंत्री ने कहा परीक्षाफल केवल हमारे प्रयासों का प्रतिबिंब मात्र है, हमारी क्षमता या बुद्धिमत्ता का पूर्ण माप नहीं है।परीक्षा जीवन का एक छोटा सा हिस्सा है।वास्तविक जीवन में सफलता कठिन परिश्रम, लगन, दृढ़ता और अनुकूलन क्षमता से प्राप्त होती है।उन्होंने कहा जिन परीक्षार्थियों को किसी कारणवश सफलता नहीं मिली उन्हें निराश होने की जरूरत नहीं है।अपने प्रयासों पर ध्यान केंद्रित रखें, सीखते रहें, और अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखें। यही सच्ची सफलता की कुंजी है।प्रभु श्री राम से कामना है कि आप सभी अपने जीवन में मनवांछित सफलता प्राप्त करें।



### एविएशन मैनेजमेंट में एमबीए के लिए प्रवेश शुरू

रायपुर, 9 मई। इंस्टीट्यूट ऑफ लॉजिस्टिक्स एंड एविएशन मैनेजमेंट (आईएलएएम) अतिरिक्त शहरों से आवेदन आमंत्रित कर रहा है और छात्रावास की सुविधा भी प्रदान कर रहा है। पाठ्यक्रम को गहन और व्यापक ज्ञान प्रदान करने के लिए जटिल रूप से तैयार किया गया है। एविएशन मैनेजमेंट में एमबीए के साथ गतिशील और निरंतर विकसित हो रहे विमानन उद्योग की दुनिया का अन्वेषण करें। यह दो साल का स्नातकोत्तर कार्यक्रम है, जिसमें कई छात्र शामिल होना चाहते हैं। विश्व के शीर्ष तीन विमानन बाजारों में से एक, भारत अभूतपूर्व विकास और अवसरों का अनुभव कर रहा है। उड़ान योजना, जिसका लक्ष्य यह है कि हर भारतीय हवाई यात्रा का अनुभव करे, इस विशाल उद्योग की संभावनाओं को दर्शाता है।

आवश्यकता है

शिव धाम (अघोरेश्वर महादेव मंदिर) तुलसी (पाटन) में एक ऐसे परिवार, जो साफ-सफाई, रख-रखाव, भोजन व्यवस्था कर सके, की आवश्यकता है। राशन मंदिर समिति की ओर दिया जाता है। मासिक पारिश्रमिक 10000 रुपए।

संपर्क करें -98261 74789

# उपमुख्यमंत्री साव ने 48 विस क्षेत्रों में की 121 जनसभाएं

रायपुर, 9 मई। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने देश में तीसरी बार यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार बनाने छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर प्रचार कर भाजपा के लिए मांगा समर्थन। साव ने 20 मार्च से 5 मई तक यानी 66 दिनों तक लोकसभा क्षेत्रों का सघन दौरा किया। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों व शहरों में जनसंपर्क और आमसभा कर भाजपा के लोकप्रिय प्रत्याशियों के लिए वोट मांगें। साव ने लोगों से कहा कि, मोदी जी का हाथ मजबूत करने, गरीब मां के बेटे को प्रधानमंत्री बनाने भाजपा प्रत्याशी को आशीर्वाद दें। श्री साव ने 48 विधानसभा के कोने कोने में चुनावी सभाएं की। तीसरे चरण के चुनाव प्रचार के अंतिम दिन 11 सभाएं की। वहीं 66 दिनों में 121 से अधिक आमसभाएं, स्थानीय बैठकें, जनसंपर्क व प्रेस कांफ्रेंस करते रहे। महासमुंद, बिलासपुर लोकसभाओं में मध्य रात्रि तक चुनाव प्रचार करते रहे उपमुख्यमंत्री साव। बता दें कि, उपमुख्यमंत्री ने 11 सीटों पर अधिकतर दौरा कार से तय किया।

मुख्यमंत्री और अन्य मंत्री भी लगातार जनसंपर्क और सभाएं कर रहे हैं, प्रचार से भाजपा के पक्ष में जबरदस्त माहौल बनता दिख रहा है, वोट देने के लिए लोग तपती दोपहर में भी मतदान केंद्रों तक पहुंचे। डिप्टी सीएम साव ने चुनाव प्रचार के इतर रायपुर निवास में सुबह लोगों की समस्याएं सुनीं। उपमुख्यमंत्री अरुण साव के विधानसभा क्षेत्र लोरमी में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी की ऐतिहासिक जनसभा हुई। सभा से पहले सुबह जमकर बारिश हुई, इससे कार्यक्रम रद्द होने की आशंका जताई जा रही थी। कार्यकर्ताओं के हौसलों के चलते कम समय में दोबारा तैयारियां पूरी की गई और मंच पर क्षेत्र वासियों की भारी भीड़ उमड़ी, इसे देखकर जेपी नड्डा जी खुश हुए और रैली की जमकर प्रशंसा की।






कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26